इसके अतिरिक्त, उन्होंने हार्वर्ड मैनेज मेंटर (एचएमएम) प्रोग्राम तथा इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी), हैदराबाद में उन्नत प्रबंधन कार्यक्रमों के माध्यम से अपने नेतृत्व कौशल को और सुदृढ़ किया है। वामसी वर्ष 1993 में पावरग्रिड में शामिल किए गए एग्जीक्यूटिव ट्रेनीज़ के प्रथम बैच से संबंधित हैं, जो संगठन के नेतृत्व विकास में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है।

विद्युत पारेषण और टेलीकॉम सेक्टर में 33 वर्षों से अधिक के समृद्ध और विविध अनुभव के साथ, वामसी ने पावरग्रिड में क्षेत्रीय और कॉर्पोरेट स्तर पर कई महत्वपूर्ण लीडरशिप, नीतिनिर्धारण और रणनीतिक भूमिकाएं निभाई हैं।

पीपे में पेट्रोल नहीं डालने पर पम्प कर्मचारी को लोहे के सरियों से पीटा

जयपुर के नारायण विहार इलाके में स्थित पेट्रोल पंप का मामला

- **बदमाशों ने मैनेजर को भी किया घायल, 43 हजार रुपए फरार हुए**

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। नारायण विहार थाना इलाके में स्थित पेट्रोल पंप पर कुछ बदमाशों ने शनिवार को पीपो में पेट्रोल नहीं देने की बात को लेकर जमकर उत्पात मचाया। जिसके बाद अज्ञात कार सवार बदमाश पेट्रोल पंप मैनेजर पर सरियों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल दिया। कार सवार बदमाशों ने मारपीट के दौरान पंप कर्मचारी से 43 हजार रुपए लूटे और मौके से फरार हो गए। इस हमले में मैनेजर के सिर में गंभीर चोट आई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार सवार बदमाशों को पहचान कर ली है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहें है।

पुलिस ने बताया कि नारायण विहार इलाके में स्थित सांवरिया फिलिंग स्टेशन पर शनिवार देर शाम कुछ कार सवार बदमाश पहुंचे और पीपो में पेट्रोल भरने की बात कहने लगे। इस पर पंप कर्मचारी ने ये नियम के विरुद्ध बताते हुए पीपों में पेट्रोल देने से मना कर दिया। इस बात को लेकर कार सवार चार-पांच युवक आवेश में आ गए और पंप कर्मचारी से झगड़ा करने लग गए। शोर - शराबे की आवाज सुन कर मैनेजर राम सिंह (25) बीच -बचाव करवाने पहुंचे तो बदमाशों ने कार में रखे सरिए और डंडो से उस पर हमला कर दिया और पंप कर्मचारी से 43 हजार रुपए लूट कर मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि कार सवार बदमाशों ने सरिए और डंडों से पंप मैनेजर राम सिंह के सिर पर कई वार किए। जिससे राम सिंह गंभीर रुप से घायल हो गया। सिर फटने से राम सिंह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ा। जिसके बाद पंप कर्मचारियों निजी वाहन से उसे तुरंत प्राईवेट अस्पताल पहुंचाया। राम सिंह के सिर में 17 टांके आए है और हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने पेट्रोल पंप परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार के रजिस्ट्रेशन नंबरों के आधार पर बदमाशों को चिन्हित कर लिया है।

श्रीरामचंद्रजी मंदिर में गूंजे हनुमान चालीसा पाठ

जयपुर । चांदपोल स्थित श्री रामचंद्र जी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर एक स्वर में हनुमान चालीसा का पाठ किया। जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा।

संत अमरनाथ महाराज के सानिध्य में श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति द्वारा हर घर में हो अर्थ सहित हनुमान चालीसा अभियान के तहत सैकड़ों श्रद्धालुओं को अर्थ सहित हनुमान चालीसा की पुस्तकें भेंट की गई। इसका उद्देश्य भक्तों को पाठ के साथ उसके गूढ़ अर्थ से भी अवगत कराना है। समिति के अनुसार अभियान को व्यापक स्तर पर पहुंचाने के लिए विभिन्न टीमें गठित की गई हैं, जो शहर के अलग-अलग धार्मिक स्थलों पर जाकर लगातार हनुमान चालीसा का वितरण कर रही हैं। इस पहल के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को धर्म, भक्ति और संस्कारों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को भन्दे बालाजी महाराज का सिंदूर लगाया गया, जिसे भक्तों ने आस्था के साथ ग्रहण किया। मंदिर परिसर में गोस्वामी तुलसीदास के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। जिससे आयोजन की भव्यता और बढ़ गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और सभी ने मिलकर भक्ति एवं एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में महेश बंब, सरदार राजन सिंह, रामस्वरूप यादव, अशोक कुमार विजयवर्गीय, पिंकी मुनीम, विजय, शैलेन्द्र यादव सहित अन्य श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

'समाज के प्रत्येक वर्ग तक भाजपा की विचारधारा और सरकारी योजनाएं पहुंचाने में महिला मोर्चा अहम कड़ी'

- **भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने महिला कार्यकर्ताओं की भूमिका को संगठन की रीढ़ बताया**
- **भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशभर में 'हर बूथ महिला मजबूत' संकल्प के साथ जमीनी स्तर पर कार्य करेगा : राखी राठौड़**

जयपुर । भाजपा महिला मोर्चा की नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की बैठक रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मदन राठौड़ ने महिला कार्यकर्ताओं की भूमिका को संगठन की रीढ़ बताते हुए कहा कि महिला मोर्चा समाज के प्रत्येक वर्ग तक पार्टी की विचारधारा और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने में महत्वपूर्ण कड़ी है।

राठौड़ ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए बनाई गई हैं, लेकिन इन योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी संभव है जब उनकी जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने महिला मोर्चा की पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे घर-घर जाकर महिलाओं को योजनाओं की जानकारी दें और उन्हें इनका लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। साथ ही उन्होंने लाभान्वितों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी संगठन तक पहुंचाने की बात कही।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी एवं मोर्चा प्रभारी संतोष अहलावत ने भी महिला पदाधिकारियों को संगठन में जिले से लेकर बूथ स्तर तक मजबूती से कार्य करने की अपील की और 'हर बूथ महिला मजबूत' अभियान को सफल बनाने का आव्हान किया।

महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने कहा कि महिला मोर्चा प्रदेश भर में संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि महिला कार्यकर्ता समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की शक्ति रखती हैं और वे सरकार की योजनाओं को महिलाओं तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगी। राठौड़ ने कहा कि 'हर बूथ महिला मजबूत' अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा का उद्देश्य केवल संगठन विस्तार नहीं बल्कि समाज में जागरूकता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने मिलकर संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाने तथा महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। यह बैठक संगठनात्मक मजबूती, 'हर बूथ महिला मजबूत' अभियान के क्रियान्वयन और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। इस दौरान मोर्चा महामंत्री सुनीता व्यास, डॉ. अरुण सिहाग, डॉ. मूर्ति मीणा सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बीजेपी राजस्थान के फेसबुक पेज से 30 लाख लोग जुड़े

जयपुर (कासं)। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के आधिकारिक फेसबुक पेज द्वारा 3 मिलियन (30 लाख) सदस्यों का आंकड़ा पार करने पर प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कार्यकर्ताओं, समर्थकों और प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया है।

शेखावाटी का इतिहास पुन: जीवंत : झुंझुनूं में 1000 साल पुराना मंदिर अवशेष मिला

खेतड़ी के त्योंदा गांव में खुदाई के दौरान ऐतिहासिक संरचना, प्राचीन धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियों के साक्ष्य मिले

झुंझुनूं/जयपुर (कासं)। राजस्थान के झुंझुनूं जिले में पुरातत्वविदों ने 1000 वर्ष पुराने मंदिर के अवशेष खोज निकाले हैं। खेतड़ी तहसील के त्योंदा गांव स्थित रीठा का टीला नामक स्थल पर चल रही खुदाई के दौरान यह महत्वपूर्ण खोज सामने आई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह खोज शेखावाटी क्षेत्र के प्रारंभिक मध्यकालीन इतिहास के कई अनसुलझे पहलुओं को स्पष्ट कर सकती है। राजस्थान पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग द्वारा जनवरी 2025 से इस स्थल पर उत्खनन कार्य किया जा रहा है। अब तक मिली संरचनाएं और अवशेष इस क्षेत्र में प्राचीन धार्मिक गतिविधियों और स्थायी बसावट के प्रमाण दे रहे हैं।

मंदिर संरचना और मूर्तियों के अवशेष मिले

खुदाई के दौरान देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश की मूर्तियों के खंडित अवशेष मिले है। इसके अलावा मिट्टी के बर्तन (पॉटरी) और टेराकोटा वस्तुएं भी विभिन्न परतों से प्राप्त हुई है।, जो इस स्थल पर लंबे समय तक मानव निवास और धार्मिक गतिविधियों की पुष्टि करती हैं।

पुरातत्व विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यहां एक सुविकसित मंदिर परिसर के प्रमाण मिले हैं, जिसमें पत्थर से बनी संरचना, सुस्पष्ट द्वार, अर्धवृत्ताकार स्थापत्य अवशेष, स्तंभ आधार, दरवाजे के फ्रेम और सजावटी पत्थर के ब्लॉक शामिल हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थल प्रारंभिक मध्यकालीन काल से संबंधित है। उस समय राजस्थान में क्षेत्रीय राजवंशों का उदय हो रहा था और मंदिर निर्माण की परंपरा तेजी से विकसित हो रही थी। अब तक शेखावाटी क्षेत्र अपनी 18वीं-19वीं सदी की हवेलियों के लिए प्रसिद्ध रहा है, लेकिन उससे पहले के इतिहास के प्रमाण बहुत कम उपलब्ध थे। यह खोज उस खालीपन को भरने में अहम भूमिका निभा सकती है।

वैज्ञानिक परीक्षण और संरक्षण पर जोर

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने नमूनों को वैज्ञानिक जांच के लिए एकत्रित करने और स्थल के संरक्षण के निर्देश दिए हैं। इसके तहत केमिकल कंजर्वेशन, विस्तृत दस्तावेजीकरण, साइट मैपिंग और आर्टिफैक्ट्स की ड्राइंग तैयार की जा रही है।

विशेषज्ञों की निगरानी में कार्य जारी

वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में यह कार्य किया जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह खोज राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को समझने में मील का पत्थर साबित हो सकती है। यह खोज न केवल झुंझुनूं बल्कि पूरे शेखावाटी क्षेत्र के प्राचीन इतिहास को नई दिशा देने वाली है। आने वाले समय में इससे जुड़े और महत्वपूर्ण तथ्य सामने आने की उम्मीद जताई जा रही है।

अलवर में एस.आई. भर्ती परीक्षा, कई अभ्यर्थियों का एग्जाम छूटा

सुरक्षा व्यवस्था इतनी कड़ी थी कि एंट्री टाइम खत्म होते ही केंद्रों के गेट बंद कर दिए

अलवर। अलवर में आयोजित एसआई भर्ती परीक्षा के पहले दिन प्रशासन की सख्ती और अभ्यर्थियों की परेशानी दोनों ही देखने को मिलि। पहली पारी में परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थियों को सख्त सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ा, जहां कई केंद्रों पर परीक्षार्थियों से जूते, चुन्नी और ज्वैलरी

■ **जूते, चुन्नी और ज्वेलरी उतरवाई; एंट्री टाइम खत्म होते ही केंद्रों के गेट बंद**

तक उतरवाई गई। सुरक्षा व्यवस्था इतनी कड़ी थी कि एंट्री टाइम खत्म होते ही केंद्रों के गेट बंद कर दिए गए, जिसके चलते कुछ मिनट की देरी से पहुंचे कई अभ्यर्थी परीक्षा से वंचित रह गए। परीक्षा का निर्धारित प्रवेश समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक था। लेकिन जैसे ही 10 बजे का समय पूरा हुआ, अधिकांश परीक्षा केंद्रों के गेट बंद कर दिए गए। इसके बाद पहुंचे अभ्यर्थी लगातार गेट पर खडे होकर अंदर जाने की गुहार लगाते रहे, लेकिन उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया।

शहर के इमानुअल स्कूल केंद्र पर शिवाजी पार्क निवासी साक्षी गुप्ता मात्र 2 मिनट की देरी से पहुंचने के कारण

अलवर में एसआई भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हुई।

परीक्षा नहीं दे सकीं। साक्षी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब बड़े अधिकारी भी कई बार लेट पहुंचते हैं तो उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती, लेकिन अभ्यर्थियों के लिए इतनी सख्ती क्यों उन्होंने प्रशासन से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने की मांग की, क्योंकि उनकी देरी का मुख्य कारण ट्रैफिक जाम रहा।

इसी केंद्र पर राजगढ़ से आई एक अन्य महिला अभ्यर्थी भी 2 मिनट लेट होने के कारण परीक्षा से वंचित रह गई।

सख्त सुरक्षा के निर्देश

अजमेर, । राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित उप-निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2025 के तहत जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण जिला कलक्टर लोक बंधु और पुलिस अधीक्षक हर्ष वर्धन अगरवाला ने किया। अधिकारियों ने परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान परीक्षार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की गई और केंद्राधीक्षकों को आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा गया। परीक्षा केंद्रों पर डिजिटल वीडियोग्राफी, रियल टाइम डेट-टाइम स्टैम्प और त्रिस्तरीय सुरक्षा जांच अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

खड़ी कार में आग लगने से चालक जिंदा जला

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर में बोरानाडा के भांडु पेट्रोल पंप के पास खड़ी कार में आग लगने से जिंदा जल गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। आग बुझाने के बाद कार में चिलक का बुरी तरह जला हुआ शव मिला। घटना बोरानाडा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह करीब 11:42 बजे हुई।

बोरानाडा थाने के कॉन्स्टेबल ललित ने बताया कि कार के नंबर के आधार पर मृतक की पहचान धोरीमन्ना (बाड़मेर) निवासी भरत लुनिया (40) के रूप में हुई है। फिलहाल वह जोधपुर के बासनी में रह रहा था। पहचान कंफर्म करने के लिए परिजनों को बुलाया गया । डीएनए सैंपल के आधार पर भी पहचान की जाएगी।

हादसे के समय कार का एक दरवाजा भी खुला हुआ था। व्यापारी सीट को पीछे करके आराम की मुद्रा में लेटा हुआ था। परिजनों के मुताबिक, भरत सुबह 9 बजे बासनी स्थित घर से निकला था। इसके बाद से उसका फोन बंद आ रहा था। कार सड़क से उतरकर साइड में कच्चे रास्ते पर खड़ी हुई थी।

हेड कॉन्स्टेबल अरविंद मीणा ने बताया कि बोरानाडा के भांडु पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे खड़ी मारुति 800 कार में आग लग गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। कार में आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शव को बोरनाडा हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया है। बोरानाडा फायर ब्रिगेड ऑफिस के अनुसार 11:42 बजे भांडु पेट्रोल पंप के सामने एक कार में आग लगने की सूचना मिली थी।

वन भूमि के बदले बीएसएफ ने चुकाए 2.50 करोड़ रुपए, 48 लाख रुपए की और मांग

बीकानेर। अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा के लिए सीमा चौकियां बनाना बीएसएफ के लिए अब करोड़ों का सौदा साबित हो रहा है। कभी कौडि़यों के भाव आवंटित जमीनों के बदले अब बीएसएफ को वन विभाग को भारी-भरकम कीमत चुकानी पड़ रही है। ताजा मामले में 13 बीघा जमीन का विवाद 11 साल से अटका है, जिसके लिए विभाग 48 लाख रुपए और वसूलने की तैयारी में है।

दरअसल, 25-30 साल पहले राजस्व विभाग ने पाकिस्तान सीमा से सटी जमीनें बीएसएफ को आवंटित की थीं। वन मंडल छत्तरगढ़ की वन भूमि पर बीएसएफ की 7 चौकियां स्थित हैं। नियमों के मुताबिक, इस जमीन के बदले बीएसएफ को न केवल नॉन-फॉरेस्ट लैंड देनी पड़ी, बल्कि वहां 10 साल तक पौधारोपण और मेंटेनेंस का खर्च भी उठाना पड़ा। बीएसएफ अब तक 2.50 करोड़ रुपए जमा करा चुका है।

वर्तमान में तीन चौकियों की 'स्टेज-2' अप्रूवल मिल चुकी है, जबकि तीन के मामले भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय में लंबित हैं। सातवीं 'संग्रामपुर चौकी' का मामला राजस्व विभाग की लापरवाही से उलझ गया है। इसके लिए बीएसएफ से 48 लाख की अंतर राशि मांगी जा रही है, जबकि वह पहले ही 41 लाख रुपए जमा करा चुका है। समाधान के लिए बीएसएफ अधिकारी कलेक्ट्रेट के चक्कर काट रहे हैं। एक उच्चाधिकारी ने बताया कि अब इस पूरे प्रकरण की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उच्च स्तर पर भेजी जाएगी।, सात सीमा चौकियों में से छह के प्रकरण निबट चुके हैं। केवल संग्रामपुर का मामला पेंडिंग है। राजस्व विभाग को केवल भूल सुधार करना है। इस काम में जितना विलंब होगा, बीएसएफ को नियमानुसार पैसा भरना होगा। दिलीप सिंह राठौड़, उप वन संरक्षक, छत्तरगढ़।

बीएसएफ को 7 सीमा चौकियों के लिए मिली जमीन 1. दीपवाला 2.6 हेक्टेयर 2. भगत 1.215 हेक्टेयर 3. विष्णु 2.023 हेक्टेयर 4. न्यू बंधली 2.23 हेक्टेयर 5. फालका 2.63 हेक्टेयर 6. न्यू डेहरी 2.75 हेक्टेयर 7. संग्रामपुर 3.288 हेक्टेयर

चक 11 एसएसएम के मामले को गवर्नमेंट लैंड म्यूटेशन एडवाइजरी कमेटी के समक्ष रखा जाना है। जिला कलेक्टर के मार्ग दर्शन के बाद ही इस मामले में आगे कार्यवाही की जा सकेगी। राजकुमारी बिश्नोई, तहसीलदार, खाजूवाला वन संरक्षण अधिनियम 1980 के परिप्रेक्ष्य में सुप्रीम कोर्ट ने 12 दिसंबर 1996 को एक फैसले दिया था। उस फैसले के तहत किसी भी वन भूमि को बिना सुप्रीम कोर्ट या केंद्र सरकार की अनुमति के राजस्व रिकॉर्ड में किसी अन्य के नाम से नामांतरित करने अथवा गैर वानिकी प्रयोजन के लिए प्रयोग में लेने से वर्जित किया हुआ है। आदेश की अवहेलना करने वालों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जा सकती है। वन भूमि आवंटित करने के बदले शर्तों के तहत वन विभाग को अन्य भूमि देने का नियम है।

उस भूमि पर दस साल तक पौधारोपण और उसकी मेंटिनेंस का खर्च अलग से देना पड़ता है। इसके अलावा दोगुनी वन भूमि पर दस साल तक पौधारोपण का खर्च भी देना होगा।

खेल मैदान के कचरे में लगी आग, फायर बिग्रेड ने पाया आग पर काबू

गंगापुर सिटी । राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के खेल मैदान में रविवार को कचरा पात्र में आग लग जाने से अफरा तफरी मच गई। किन्ही कारणों से लगी इस आग के कारण आसपास के सूखे पत्तों में भी लपटें फैल गईं, जिससे मौके पर जमा लोगो में घवराहट हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कचरा पात्र में मौजूद कचरा और सूखे पत्ते तेजी से जलने लगे, जिससे आग की लपटें ऊंची उठने लगीं। आग का

■ **प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कचरा पात्र में मौजूद कचरा और सूखे पत्ते तेजी से जलने लगे, जिससे आग की लपटें ऊंची उठने लगीं।**

दायरा बढ़ता देख एक बड़े हादसे की आशंका पैदा हो गई। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों की तत्परता और लोगों की सजगता के कारण आग को समय रहते बुझा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है।

चैन स्नैचिंग करने वाला हत्थे चढ़ा

जोधपुर, (कासं)। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की स्पेशल टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चलती ट्रेन में चैन स्नैचिंग करने वाले आठ साल से फरार शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी के खिलाफ न्यायालय से स्थायी वारंट जारी था। गिरफ्तारी के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया,जहां से आदेशानुसार न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

जीआरपी थानाधिकारी मुक्ता पारीक के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर आरोपी को पकड़ा गया। पारीक के अनुसार 15 सितंबर 2018 को ट्रेन संख्या 15013 जैसलमेर-काठगोदाम रानीखेत एक्सप्रेस में अलवर निवासी एक यात्री के साथ चैन स्नैचिंग की वारदात हुई थी।

भारत-पाक बॉर्डर पर डेनमार्क का नागरिक पकड़ा

बीकानेर। यहां भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास खाजूवाला क्षेत्र से विदेशी नागरिक को पकड़ा है। डेनमार्क का रहने वाला युवक करीब सात महीने पहले एक साल के वीजा पर भारत आया था। पकड़े जाने पर उसने कुछ सवालों के जवाब अंग्रेजी में दिए, इसके बाद चुप हो गया। थाने ले जाने पर वहां रोने लगा। फिलहाल उसे आगे की पूछताछ के लिए जॉइंट इंटरोगेशन सेंटर भेजा गया, जहां उससे गहन जांच की जा रही है। घटना शनिवार शाम की है। खाजूवाला थानाधिकारी सुरेन्द्र प्रजापत ने बताया - खाजूवाला बाजार के हॉस्पिटल रोड पर एक विदेशी युवक संदिग्ध स्थिति में घूमता हुआ दिखाई दिया। इस एरिया में आमतौर पर विदेशी नागरिक नहीं आते हैं ऐसे में स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना कर

■ **सवालों के जवाब देने के बाद थाने में रोने लगा**

दी। सूचना मिलते ही एएसआई किशन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंचा। खाजूवाला बाजार के हॉस्पिटल रोड पर एक विदेशी युवक संदिग्ध स्थिति में घूमते हुए पकड़ा गया। सुरक्षा के लिहाजा से बॉर्डर एरिया में एंट्री के लिए परमिशन जरूरी होती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बीएसएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को भी मौके पर बुलाया गया। सभी एजेंसियों ने मिलकर युवक से पूछताछ की, लेकिन उसके सामान से कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। प्राथमिक पूछताछ में युवक ने खुद को डेनमार्क का निवासी बताया। वह सितंबर में एक साल के टूरिस्ट वीजा पर भारत आया था। शुरुआत में उसने कुछ अंग्रेजी में जवाब दिए, लेकिन बाद में चुप हो गया और थाने में रोने लगा। शुरुआती जांच में सामने आया है कि युवक डेनमार्क का रहने वाला है और 7 महीने पहले वीजा पर भारत आया था। पुलिस ने युवक को आगे की विस्तृत जांच के लिए बीकानेर स्थित जॉइंट इंटरोगेशन सेंटर भेज दिया है। सुरक्षा एजेंसियां हर पहलू से मामले की जांच कर रही हैं। गौरतलब है कि खाजूवाला क्षेत्र पाकिस्तान सीमा के नजदीक है। ऐसे में यहां विदेशी नागरिकों के आने के लिए विशेष अनुमति आवश्यक होती है। माना जा रहा है कि जानकारी के अभाव में युवक इस क्षेत्र में पहुंच गया।

वृंदावन कथा की रूपरेखा बनाई

गंगापुर सिटी । श्रीराधाकृष्ण सेवा संस्थान की एक बैठक रविवार को श्री महिदास बालाजी मंदिर परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद दीक्षित ने की। बैठक में वैद्य भगवान प्रसाद पाराशर ने बताया कि आगामी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन उत्तर प्रदेश के वृंदावन धाम स्थित श्री पुरुषोत्तम धाम में किया जाएगा। यह कथा 11 जुलाई से 17 जुलाई तक चलेगी। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखने की बात कही। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने कथा आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर अपने-अपने सुझाव दिए। यात्रा को सुव्यवस्थित और सफल बनाने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का शुभारंभ पंडित जयगोविंद द्वारा गणेश पूजन से हुआ। अंत में अध्यक्ष गोविंद दीक्षित ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

भगवती मिश्र का देहावसान

सुजानगढ़ । स्वत्रंता सेनानी पं. गिरिश चंद्र मिश्र की धमपत्नी भगवती मिश्र का 108 साल की उम्र में देहावसान हो गया। 5 अप्रैल को दोपहर एक बजे उन्होने अंतिम सांस ली। जैसे ही यह सूचना जानकारों को मिलने लगी तभी वे उनके निवास पर पहुंचने लगे। उनका अंतिम संस्कार छह अप्रैल को होगा। गिरिश कला मंदिर के गजानन्द मिश्र मानव ने बताया कि दादी मां ने आजादी के आंदोलन में दादाश्री पं. गिरिश चंद्र मिश्र के साथ खूब साथ निभाया। वे देशभक्ति गीतों से कविताओं आजादी की अलख जगाई। गजानन्द मिश्र मानव ने बताया कि दादी मां ने गिरिश कला मंदिर को जीवन भर संभाले रखा। हर चीज का ख्याल रखा। दादी मां धार्मिक

भगवती मिश्र

विचारों की धनी थी साथ ही वे सामाजिक कार्यों में भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेती थी।

नौकरी का झांसा देकर युवती से रेप

हनुमानगढ़ । जिले के भादरा थाना पुलिस ने रेप और ब्लैकमेलिंग के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। उस पर एक युवती को नौकरी का झांसा देकर होटल में बुलाने, नशीला पदार्थ पिलाकर रेप करने और आपत्तिजनक वीडियो से ब्लैकमेल कर बार-बार शोषण करने का आरोप है । पीड़िता ने भादरा थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि अक्टूबर 2024 में उसकी पहचान आरोपी से हुई थी। आरोपी ने दोस्ती बढ़ाई और उसे नौकरी दिलाने का लालच देकर एक होटल में बुलाया। वहां उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया गया, जिसके बाद उसके साथ रेप किया गया।

80 बीघा फसल खाक, ग्रामीणों का प्रशासन पर फूटा आक्रोश, हाईवे जाम कर दमकल पर बरसाए पत्थर

कोटा, (निसं)। बूंदी जिले के तालेड़ा उपखंड क्षेत्र के खुराड़ गांव में रविवार को एक बड़ी आगजनी की घटना ने न केवल किसानों की मेहनत को राख में बदल दिया बल्कि पूरे इलाके में तनाव और आक्रोश का माहौल भी खड़ा कर दिया। खेत में खड़ी गेहूं की फसल में लगी भीषण आग से करीब 80 बीघा फसल जलकर राख हो गई।

इस भारी नुकसान से गुस्साए ग्रामीणों का आक्रोश सड़कों पर फूट पड़ा और उन्होंने नेशनल हाईवे जाम कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। स्थिति तब और बिगड़ गई जब मौके पर पहुंची दमकल गाड़ी पर ही ग्रामीणों ने पथराव कर दिया जिससे दमकल के कांच टूट गए और तीन कर्मचारी घायल हो गए। तालेड़ा थाना प्रभारी अरविंद भारद्वाज ने बताया कि रविवार दोपहर खुराड़ गांव के खेतों में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों का कहना है कि पास से गुजर रही बिजली लाईन में स्पार्किंग के कारण आग भड़की जिसने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। तेज हवा के कारण

बूंदी जिले के तालेड़ा उपखंड क्षेत्र के खुराड़ गांव में खेतों में आगजनी की घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे जाम कर दिया जिसे पुलिस ने समझाईश कर खुलवाया ।

आग तेजी से फैली और देखते ही देखते कई किसानों की खड़ी फसल इसकी चपेट में आ गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग इतनी भीषण थी कि उस पर काबू पाना संभव नहीं हो सका। घटना के बाद पीड़ित किसानों ने तुरंत प्रशासन और कंट्रोल रूम को सूचना दी लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि समय पर कोई मदद नहीं पहुंची।

जीजा ने साले व उसके कर्मचारी के हाथ-पैर तोड़े

गंभीर घायल साले ने 20-25 लोगों पर हत्या के प्रयास के आरोप लगाये

श्रीगंगानगर । जीजा ने अपने ही साले पर रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। यह वारदात रात 9 बजे के करीब सुखाडिया सर्किल पर हुई। हमले में सोले के साथ ही उसके यहां काम करने वाले युवक के दोनों पैर व हाथ जगह-जगह से तोड़ दिए और सिर भी फोड़ दिए। हमले की सूचना पर जवाहरनगर पुलिस मौके पर पहुंची। हमलावर फरार हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। गंभीर घायल साले की ओर से पर्ची बयान पर 20-25 लोगों पर हत्या के प्रयास के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

जवाहरनगर थाने के ड्यूटी अधिकारी एएसआई विनोद कुमार ने बताया कि इंद्रा कॉलोनी निवासी 32 वर्षीय सन्नी पुत्र रमेश सुखाडि़या सर्किल पर फूलों की रेहड़ी लगाता है। उसके पास सब्जी मंडी पुरानी आबादी निवासी 18 वर्षीय विकास पुत्र सुखचैन काम करता है। सन्नी के बहनोई अमित वाल्मीकि अपने साथ कैंठा, गोटण, मुक्का तथा 20-25 अन्य को लेकर बाइकों पर सवार होकर सुखाडिया सर्किल आया।

उसने रॉड तथा डंडों से सन्नी तथा विकास पर प्राण घातक हमला करके दोनों के पैरों को घुटने से नीचे जगह-जगह से तोड़ दिया। हाथ टूट गए और सिर फोड़ दिए। इनके पैर तथा हाथ टूट जाने से लटक गए हैं। रविवार सुबह एक्स-रे और सीटी स्कैन करवाए जाने के बाद चोटों का वास्तविक आकलन होगा। पर्चा बयान पर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

ड्यूटी अधिकारी एएसआई विनोदकुमार को घायल सन्नी ने पर्चा बयान में बताया कि उसकी बहन सपना ने करीब 8 वर्ष पहले आरोपी अमित वाल्मीकि से लव मैरिज की थी। उसके अब 6 वर्ष का बेटा भी है। सपना करीब 10 दिनों से सन्नी के पास रहने आई हुई है। सपना का बेटा शनिवार दोपहर आरोपी अमित के घर चला गया। अमित ने बच्चे की पिटाई की। इस बात का अमित को सन्नी तथा उसके भाई ने उलाहना दिया।

तब अमित और ज्यादा नाराज हो गया। उसने शनिवार रात को लगभग 8:30 बजे सन्नी को फोन करके देख लेने की धमकी दी। इस पर सन्नी ने सामने से चैलेंज कर दिया। इसके लगभग आधे घंटे बाद आरोपी अमित अपने दोस्तों की पलटन लेकर सुखाडिया सर्किल पहुंचा। रॉड और डंडों से भयंकर रूप से पिटाई करके भाग गए।

भादरा में पिता-पुत्र ने की आत्महत्या

हनुमानगढ़ । भादरा क्षेत्र में पिता-पुत्र आत्महत्या मामले में मेडिकल बोर्ड ने पोस्टमार्टम किया। इसके बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए गए।

गौरतलब है कि मलसीसर निवासी धर्मपाल मेघवाल (28) ने अपने पांच साल के बेटे के साथ भादरा स्थित राजकीय कॉलेज के पीछे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था।

इस मामले में मृतक धर्मपाल के भाई भगत सिंह ने भादरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में धर्मपाल की पत्नी कविता और

■ **मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे गए, जांच में जुटी पुलिस**

हरियाणा के कैथल जिले के किठान निवासी कपिल पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। परिजनों का आरोप है कि दोनों द्वारा लगातार प्रताड़ना और जान से मारने की धमकियां दी जा रही थीं, जिससे परेशान होकर धर्मपाल ने यह कदम उठाया।

रिपोर्ट के अनुसार, धर्मपाल का विवाह लगभग सात वर्ष पूर्व कविता से हुआ था और उनका एक पुत्र था। पिछले करीब एक साल से कविता का कपिल से संपर्क हो गया था, जिसके कारण पारिवारिक विवाद बढ़ गए थे। आरोप है कि इस वजह से आए दिन झगड़े और मारपीट होती थी लगभग पांच माह पहले कविता बच्चे को अपने साथ ले गई थी, जिसे बाद में पंचायत के माध्यम से वापस लाया गया। इसके बावजूद विवाद समाप्त नहीं हुआ और धर्मपाल को लगातार धमकियां मिलती रहीं।परिजनों के मुताबिक, धर्मपाल मानसिक तनाव में रहने लगा था। शनिवार सुबह वह अपने बेटे के साथ भादरा जाने की बात कहकर घर से निकला था और शाम को दोनों की आत्महत्या की सूचना मिली।

घटना के बाद परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया था। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को देर रात हिरासत में ले लिया। हालांकि, मामले की जांच कर रहे सीओ संजीव कटेवा ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच अभी जारी है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

सायला, (निसं)। जालोर जिले में सायला कस्बे के शेखावाटी इंग्लिश एकेडमी स्कूल में शिक्षा के मंदिर को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला प्रिंसिपल ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए 8वीं कक्षा के एक छात्र को न केवल दो घंटे तक बंधक बनाकर रखा, बल्कि उसे मुर्गा बनाकर लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा। पिटाई से छात्र की तबीयत बिगडने लगी तो उसे धमकाकर चुप रहने को कहा गया। पुलिस ने पीडित छात्र के पिता की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रार्थी श्रवण कुमार पुत्र परकाराम सेन निवासी सायला ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उनका पुत्र हिमांशु श्रवण भाटी शेखावाटी इंग्लिश एकेडमी में पडता है। शनिवार को लंच के दौरान स्कूल की प्रिंसिपल ललिता वैष्णव ने हिमांशु को स्कूल के ऑफिस में बुलाया। आरोप है।

बड़ी वारदात से पहले दबोचा गया हत्या और डकैती का आरोपी

चूरू, जयपुर । चूरू जिले में अपराधियों और गैंगस्टरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत चूरू पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स चुरू और राजगढ़ पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए एक ऐसे शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है, जो हत्या और डकैती जैसे गंभीर मामलों में संलिप्त रहा है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक अवैध देशी रिवाल्वर बरामद कर किसी बड़ी संभावित वारदात को होने से पहले ही टाल दिया।

पकड़े गए आरोपी की पहचान संदीप ढाका उर्फ ढाका (23) निवासी बैरासर मझला राजगढ़ के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ हत्या और डकैती सहित कुल 5 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह प्रसिद्ध प्रदीप जैतपुरा हत्याकांड और डकैती के प्रकरणों में जेल की हवा खा चुका है और करीब 5 साल जेल में रहने के दौरान भी वह आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है।

जिला पुलिस अधीक्षक श्री निश्चय प्रसाद ने बताया कि शनिवार को एजीटीएफ टीम को सूचना मिली कि संदीप ढाका क्षेत्र में संदिग्ध रूप से घूम रहा है। इस पर टीम प्रभारी आईपीएस अभिजीत पाटिल के नेतृत्व में टीम ने राजगढ़ पुलिस के साथ मिलकर झुंझुनूं पुलिया के पास घेराबंदी की और आरोपी को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध हथियार बरामद हुआ।

ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत चूरू पुलिस अब तक 11 अवैध पिस्टल, देशी कट्टे और कारतूस बरामद कर चुकी है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि वह किस बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था।

UNIVERSITY OF RAJASTHAN
Jawahar Lal Nehru Marg, Jaipur

NOTICE INVITING BID

Bids for **TENT ARRENGMENT & DECORATION INCLUDING ALL SERVICES e.g.- TRANSPORTATION, LABOUR etc. for Convocation Program on 25/04/2026** are invited from interested bidders upto **15.04.2026, 01:30 PM.** Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (**http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in**) of the state: and **http://uniraj.ac.in.** The approximate value of the procurement is **Rs. 28.00 Lacs.**

UBN: URA2627SLOB00003 Registrar

न्यू सांगानेर रोड चौड़ी करने के बाद घटिया सड़क बना रहा जेडीए ठेकेदार

डी.बी.एम. के बिना ही बिटुमिन कंक्रीट चढ़ाकर लीपापोती, अफसर मौन

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। न्यू सांगानेर रोड पर हाईकोर्ट के आदेश के बाद सड़क की चौडाई बढ़ाने के लिए बनाई जा रही रोड पर जेडीए के ठेकेदार ने डामर तो चढ़ाई, लेकिन आधी-अधूरी। यहां डेन्स बिटुमिन कंक्रीट (डीबीएम) की तो परत चढ़ाए बिना ही सीधे बिटुमिन कंक्रीट करके लीपापोती कर दी गई। नतीजन की सड़क बनाते-बनाते ही बिखरने लगी है।

पृथ्वीराज नगर दक्षिण का यह इलाका जेडीए पीआरएन दक्षिण जोन में आता है, जो कि सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में है। जेडीए ने न्यू सांगानेर रोड पर रीको इंडिस्ट्रियल एरिया से किसान धर्मकांटे तक सड़क चौडी करने का काम किया था। इसके बाद वहां जीएसबी-मोरम भी पूरी नहीं की। कई महीनों तक सड़क ऐसी ही उबड-खाबड पडी रही, अब जेडीए के पीआरएन दक्षिण जोन ने यहां सड़क पर डामर करवाई, लेकिन नौसिखियों की तरह।

स्थानीय लोगों का कहना है कि, इस सड़क पर जब चौडाई बढ़ाने के

बाद पुनः रोड बनाने का काम शुरू किया तो पहले खुदाई पूरी तरह से नहीं की। इसके बाद जीएसबी डब्लूएमएम पूरी नहीं डाली। बाद में जीएसबी मोरम डाल कर सड़क तो बना दी, लेकिन अब जेडीए के इंजीनियर्स यहां केवल बिटुमिन कंक्रीट करके ही काम चला रहे हैं।

■ **आमजन को सुगम आवागमन मुहैया करवाने के लिए हाईकोर्ट के आदेश पर बढ़ाई गई है सड़क की चौडाई**

इसकी मोटाई भी 20 एमएम ही करवाई जा रही है, जबकि नियमानुसार 40 एमएम होना जरुरी है। डीबीएम नहीं करने से जहां सड़क की गुणवत्ता कमजोर होगी, वहीं ठेकेदार को बड़ा फायदा होगा।

सूत्रों की मानें तो यहां डामर सड़क का काम मैसर्स हरदयाल कंस्ट्रक्शन के पास है, इसी फर्म को जेडीए ने विभिन्न जोन में 200 करोड़ रुपए का काम सौंप रखा है। जिसमें जोन 12, जोन 7 जोन 14, पीआरएन दक्षिण, अजमेर रोड पर सेज में सेक्टर रोड बनाने तथा सड़क नवीनीकरण जैसे काम है। परंतु जिम्मेदार इंजीनियर्स सड़क बनाने में गुणवत्ता का ध्यान रखने के बजाय ठेकेदार पर मेहरबानी बनाए हुए हैं।

पुलिस ने युवक का कीमती बैग सुरक्षित लौटाया

जयपुर। जयपुर पुलिस ने एक बार फिर अपनी मुस्तैदी और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए दिल्ली से आए एक युवक का ऑटो में छूटा कीमती बैग महज कुछ ही घंटों में ढूंढकर सुरक्षित लौटा दिया।

जानकारी के अनुसार, युवक सिंधी कैंप बस स्टैंड पर उतरकर कालवाड़ जाने के लिए ऑटो में बैठा था। जल्दबाजी में वह बैग ऑटो में ही भूल गया, जिसमें कीमती सामान और जरूरी दस्तावेज थे। घबराए युवक ने तुरंत 112 इमरजेंसी नंबर पर कॉल कर मदद मांगी। कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही मौके पर तैनात हेड कांस्टेबल गणेश लाल सक्रिय हो गए। गश्त पर होने के बावजूद वे तुरंत युवक के पास पहुंचे और ऑटो के हुलिए के आधार पर आसपास के ऑटो चालकों की सघन जांच शुरू कर दी। कुछ ही देर में पुलिस ने ऑटो को ढूंढ निकाला। ऑटो चालक ने ईमानदारी दिखाते हुए बैग पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने युवक की मौजूदगी में बैग की जांच कराई, जिसमें सभी सामान सुरक्षित था।

मजबूत पश्चिम विक्षोभ सक्रिय : दो दिन कई शहरों में आंधी-बारिश और ओलावृष्टि संभव

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । पश्चिम विक्षोभ का असर रविवार को धीमा रहा। रविवार को आधा दर्जन शहरों को छोड़ दें तो बाकी शहरों में मौसम शुष्क रहा। रविवार को वनस्थली, कोटा, टोंक, करौली, श्रीगंगानगर सहित कुछ अन्य शहरों में बारिश हुई। सोमवार को एक बार फिर एक मजबूत पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके प्रभाव से जोधपुर, बीकानेर, अजमेर संभाग व शेखावाटी इलाके में आंधी के साथ हल्की से मध्यम बारिश संभव है।

मौसम विभाग के अनुसार रविवार को जयपुर और भरतपुर संभाग में छुटपुट स्थानों पर मेघगर्जन, हल्की बारिश दर्ज की गई बाकी अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा। इससे प्रदेश के शहरों के पारे में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। 35.1 डिग्री के साथ बाड़मेर का दिन और 23 डिग्री के साथ फलौदी की रात सबसे गर्म रही।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 6 अप्रेल को जोधपुर, बीकानेर, अजमेर संभाग व शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में दोपहर बाद एक और नया मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से राज्य के कुछ भागों में पुनः तेज आंधी (40-50 किमी प्रतिघंटा) बारिश, व कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की प्रबल संभावना है। 7 अप्रेल को विक्षोभ का सर्वाधिक असर होने तथा जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर, कोटा संभाग के कुछ भागों में तेज मेघगर्जन, तेज आंधी (50-60 किमी प्रतिघंटा) व कहीं-कहीं ओलावृष्टि, मध्यम से तेज बारिश होने की प्रबल संभावना है।

8 अप्रेल को उत्तरी व पूर्वी भागों में कहीं-कहीं हल्की मध्यम बारिश होने व शेष अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। 9 अप्रेल से आगामी 3-4 दिन अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार को पश्चिमी राजस्थान में एक दो जगह जबकि पूर्वी राजस्थान में कहीं-कहीं पर मेघगर्जन एवं तेज झोकेदार हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। राज्य में सर्वाधिक बारिश धोलपुर के बाड़ी में 40 मिलीमीटर दर्ज की गई।

जयपुर में रविवार को छितराए बादल छाए रहे और बादलों के बीच से धूप भी खिली। इससे पारे में उछाल दर्ज किया गया। जयपुर के दिन के पारे में 1.2 और रात के पारे में 0.2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। जयपुर का अधिकतम तापमान 32.2 और न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री दर्ज किया गया। मंगलवार को पश्चिम विक्षोभ के असर से जयपुर में आंधी-बारिश देखने को मिल सकती है।

ऐसा समय आएगा कि नास्तिक को भगवान याद आएंगे : उमाकांत महाराज

जयपुर । अजमेर रोड स्थित ठिकरिया आश्रम में रविवार को आयोजित सत्संग कार्यक्रम में बाबा उमाकांत महाराज ने वर्तमान समय की परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा समय आने वाला है जब एक मिनट में नास्तिक को भी भगवान याद आ जाएगा। सत्संग में सैकड़ों श्रद्धालु गुलाबी वस्त्र धारण कर शामिल हुए।

बाबा उमाकांत महाराज, जो बाबा जयगुरुदेव महाराज के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी हैं, ने कहा कि समाज में दया की भावना कम होती जा रही है, जिसका मुख्य कारण दूषित आहार और मांसाहार की बढ़ती प्रवृत्ति है। उन्होंने कहा कि जब अन्न शुद्ध नहीं रहेगा तो मनुष्य के भीतर से दया समाप्त हो जाएगी, और दया के बिना धर्म का अस्तित्व संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि धर्म के अभाव में कर्म भी खराब हो जाते हैं और फिर व्यक्ति को दुष्परिणाम भुगतने पड़ते हैं। ऐसे में केवल पूजा-पाठ या तीर्थ करने से लाभ नहीं मिलेगा, बल्कि जीवों पर दया करना ही सच्चा धर्म है। बाबा उमाकांत महाराज ने कहा कि आज प्रकृति भी मानव के कृत्यों से नाराज है। वायु, अग्नि और पृथ्वी जैसे पंचतत्व मानव द्वारा किए जा रहे प्रदूषण और विनाशकारी गतिविधियों से प्रभावित हो रहे हैं, जिससे भविष्य में विभिन्न प्रकार की आपदाएं आ सकती हैं। पश्चिम एशिया के हालात पर कहा कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है।

सार-समाचार

फ़िल्मकार गुरुदत्त के दौर का संगीत गूंजा

जयपुर । रविवार की शाम जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में मशहूर फ़िल्मकार गुरुदत्त की श्वेत श्याम फ़िल्मों के जादुई संगीत की रंगीन छटा बिखर उठी। मौक़ा था गुरुदत्त की 101वीं जयंती के उपलक्ष में सजाई गई संगीत महफ़िल बिछड़े सभी बारी-बारी का। देवरंजनी म्यूजिक स्कूल के संयोजन में सुपर 60 के सदस्यों की तरफ़ से गुरुदत्त की फ़िल्मों के एक से बढ़कर एक लाजवाब गीत पेश किए गए। गायक कलाकारों ने अपनी रूहानी आवाज़ में गुरु दत्त के गीतों में बसी जवाँ दिलों की शरारत और टूटे दिलों के दर्द की नाज़ुक परतों से रूबरू कराया। इस संगीतमय यात्रा में गुरु दत्त की बेमिसाल फ़िल्मांकन कला और उनकी ज़िंदगी की हक़ीक़त भी बयां की गई। कार्यक्रम का आकर्षण 5-5 अलग-अलग रंग-रूप के गानों की एक साथ बिना रुके प्रस्तुति थी । बिना रुके, एक-के-बाद-एक गाने प्रस्तुत करना गायक के लिए और साजिंदों के लिए सभी के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य था जो सभी ने सफलता पूर्वक निभाया। कार्यक्रम की परिकल्पना सरिता द्विवेदी ने की। संचालन प्रणय भारद्वाज और नीलम ग्रोवर ने किया। प्रकाश व्यवस्था ने स्याह और सफेद रंगों की फ़िल्मों के दौर को मंच पर बखूबी उतारा। मंच की साज-सज्जा से भी 1950 के दशक की फिल्मों की झलक देखने को मिल रही थी। इससे पहले पीटीआई के पूर्व ब्यूरो प्रमुख राजेंद्र बोडा, आकाशवाणी की पूर्व कार्यक्रम प्रमुख रेशमा ख़ान और वरिष्ठ कला समीक्षक सर्वेश भट्ट ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरिता द्विवेदी, संगीता कपूर, प्रतिमा कौशिक, डॉ प्रभा लुहाड़िया , डॉ बृजबाला , डॉ अविनाश स्वरुप, एम एम जोशी, चंदा वधवा, अशोक वाधवा, मीनू सक्सेना, दीपक हिरन, अजय कल्ला, दादा तुषार घोष, राकेश डेम्ब्ला, देवेंद्र स्वरुप, सुकेश सिन्हा, मिथिलेश माथुर, अरुण माथुर, रूपा शर्मा, प्रेम भारती, इला नाग , जीतेन्द्र नाग , नीलम ग्रोवर, जया कल्ला , पुखराज गाँधी, विक्टर मोटवानी, मीरा श्रीवास्तव, अर्चना माथुर , अलोक माथुर, स्नेह उबा, मृदुला सक्सेना और सुरेश ग्रोवर ने अपनी प्रस्तुतियों से समा बांध दिया।

'कश्मीर इन द लाइन ऑफ फायर' पर चर्चा



जयपुर । 'कश्मीर इन द लाइन ऑफ फायर' पर एक ज्ञानवर्धक पुस्तक चर्चा में, लेखक मेजर जनरल रंजन महाजन (सेवानिवृत्त) ने भारतीय सेना की भूमिका पर प्रकाश डाला, जहां सेना ने असाधारण परिस्थितियों का सामना अदम्य साहस और शौर्य के साथ किया। उन्होंने यह बातें रविवार को अशोक क्लब में आयोजित एक पुस्तक सत्र में की, जहां उन्होंने जयपुर के लेखक और पब्लिसिस्ट जगदीप सिंह के साथ संवाद किया। लेखक ने कश्मीर में उनके 5 कार्यकालों के अंतर्गत अपनी 15 वर्षों की लंबी सेवा के दौरान के कुछ बेहद प्रभावशाली अनुभव साझा किए। उन्होंने श्रोताओं को संघर्ष, नेतृत्व और मानवीय दृढ़ता की वास्तविकताओं से रूबरू कराया। इस पुस्तक का औपचारिक विमोचन राजस्थान के पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा; चीफ ऑफ़ स्टाफ़, साउथ वेस्टर्न कमान, लेफ्टिनेंट जनरल, पदम सिंह शेखावत और अजय सिंघा द्वारा किया गया। मेजर जनरल महाजन ने कहा कि यह मेमॉयर अपने अनुभवों को दर्ज करने और कश्मीर की एक ऐसी सच्ची तस्वीर पेश करने की इच्छा से उपजा है, जो केवल हेडलाइंस तक ही सीमित न हो। उन्होंने बताया कि इस पुस्तक को लिखने की प्रक्रिया में कई वर्ष लगे, जिसमें पुरानी यादों को संजोना, अनुभवों को व्यवस्थित रूप देना और पूरी सच्चाई व संवेदनशीलता सुनिश्चित करने के लिए गहन चिंतन शामिल था।

डॉक्टर्स के बीच हुए रोमांचक मुकाबले

जयपुर (कासं)। जय क्लब में एसआरके हॉस्पिटल डॉक्टर्स प्रीमियर टेनिस लीग सीज़न 6 तथा नवनीत इमेजिंग डॉक्टर्स पिकल बाल लीग सीजन 1 में कड़ी टक्कर के बाद सेमीफाइनल की टीमें तय हुई हैं। रविवार का दिन रोमांचक मुकाबलों से भरा रहा। लीग पेट्रन डॉ. संदीप निझावन, लीग ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन व ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. अनिल यादव ने बताया कि डीपीपीएल के क्वार्टर फाइनल में राव हॉस्पिटल रेडर्स ने अग्रवाल किड्स हॉस्पिटल एवेंजर्स को 4-1 से हराया। राणा जॉइंट्स एंड लिगामेंट रॉकर्स ने टूथ सेवियर्स को 3-2 से मात दी। सोमानी स्पिन मास्टर्स ने पर्पल हेरॉन पैंथर्स को 4-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की, वहीं ब्रिक्स ब्लास्टर्स ने तरणी थंडर्स को 4-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

डॉ. राधामोहन दास प्रदेश प्रवास पर

जयपुर । भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद,राष्ट्रीय महामंत्री एवं राजस्थान प्रभारी डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल आठ अप्रैल जयपुर प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे संगठनात्मक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकों में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार डॉ. अग्रवाल पांच अप्रैल को जयपुर पहुंचे। इसके बाद 6 अप्रैल को सुबह 8 बजे खाटू श्याम जी मंदिर में दर्शन करेंगे। इसके पश्चात वे सीकर में जिला भाजपा कार्यालय में पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित संगठनात्मक कार्यक्रम में भाग लेंगे। साथ ही वह पूर्व विधायक केडी बाबर के निवास पर शिष्टाचार भेंट करेंगे एवं निजी होटल में आयोजित बौद्धिक सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सायंकाल 7 बजे डॉ. अग्रवाल सालासर बालाजी मंदिर में दर्शन कर जयपुर लौटेंगे। 7 अप्रैल को प्रातः 11 बजे डॉ अग्रवाल भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों एवं मोर्चा अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इसके अतिरिक्त राज्य एवं जिला कोषाध्यक्षों के साथ भी महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे।

पेयजल संकट से निपटने के लिए जयपुर जिला प्रशासन मुस्तैद हुआ

कलक्टर के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारियों ने किया दौरा

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । भीषण गर्मी के मद्देनजर संभावित पेयजल संकट को गंभीरता से लेते हुए जयपुर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। जिला कलक्टर संदेश नायक के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारियों ने फील्ड में जाकर हैंडपंपों

■ **कलेक्टर ने खराब हैंडपंपों को तुरंत सुधारने के सख्त निर्देश दिये**

की स्थिति का जायजा लिया। कलक्टर संदेश नायक ने स्वयं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था का जमीनी स्तर पर जायजा लेने के लिए आमेर तहसील के कुकस एवं खोरा मीना क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट उत्पन्न नहीं होने दिया जाए और जल स्त्रोतों की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने चिन्हित सभी खराब हैंडपंपों को आगामी 48 घंटे के भीतर दुरुस्त करने के सख्त निर्देश देते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को कहा कि तकनीकी खराबियों के कारण कोई भी जल स्त्रोत बंद नहीं रहना चाहिए। उन्होंने पेयजल आपूर्ति से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लापरवाही बरतने

कलक्टर संदेश नायक ने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था का जमीनी स्तर पर जायजा लेने के लिए आमेर तहसील के कूकस और खोरा मीना क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

वाले अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए आमेर उपखंड क्षेत्र में विशेष तकनीकी टीमों की तैनाती की गई है, जो गांव-गांव जाकर खराब हैंडपंपों की मौके पर ही मरम्मत सुनिश्चित करेंगी। इसके साथ ही उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिदिन जल आपूर्ति एवं मरम्मत कार्यों की प्रगति रिपोर्ट कलेक्ट्रेट को भेजें, जिससे कार्यों की सतत निगरानी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए राजस्थान संपर्क पोर्टल (181) तथा पीएचईडी हेल्पलाइन (1800-180-6088) के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिला कलक्टर ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रशासन उनके द्वार तक स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की ढिलाई सहन नहीं की जाएगी।

करोड़ों रुपए की चोरी मामले में 5 साल से फरार बदमाश दबोचा

जयपुर । जवाहर नगर थाना पुलिस ने सीएसटी टीम के साथ संयुक्त कार्रवाही करते हुए पांच साल से फरार चल रहे 15 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल कि है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार अभियुक्त वर्ष -2021 में थाना इलाके से करोड़ों रुपयों के जेवर और नकदी चोरी कर फरार हो गया। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त से अन्य चोरी की वारदातों को लेकर पूछताछ करने में जुटी है।

डीसीपी ईस्ट रंजीता शर्मा ने बताया कि पीड़ित अजय कुमार गुप्ता ने 20 नवंबर 2021 को मामला दर्ज कराया था कि 19 नवंबर को वह दुकान चला गया था और परिवार रिश्तेदारी में कार्यक्रम में गया हुआ था। शाम को पत्नी लौटी तो घर के ताले टूटे मिले और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। बदमाश अलमारी के ताले तोड़कर 2.70 लाख रुपए नकद, सोने-चांदी के जेवर, मोती सेट, चांदी के सिक्के, चांदी के गिलास, बच्ची के टॉप्स, मांग टीका, नोज पिन, आधार-पैन कार्ड और सीसीटीवी की डीवीआर चोरी कर ले गए। पुलिस ने इस मामले की छानबीन करते हुए पूर्व में शैतान सिंह बागरिया, हनुमान उर्फ शिवराम, शिवराज उर्फ होराज और तेजू उर्फ तेजा बागरिया को गिरफ्तार कर लिया था। जिसके बाद से भी मुख्य आरोपी सोनू उर्फ सोन्या फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी कि गिरफ्तारी के लिए उस पर 15 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था। पुलिस ने सीएसटी टीम और तकनीकी सहायता से पांच साल से फरार चल रहे सोनू उर्फ सोन्या बागरिया (25) निवासी गांव सापुणदा, अजमेर निवासी को गिरफ्तार कर लिया।

सांगानेर में हाऊसिंग बोर्ड ऑफिस में आग

शॉर्ट सर्किट से बेसमेंट में रखा सामान जलकर खाक हुआ, आग बुझाने के लिए एयर वेंटिलेशन के शीशे तोड़ने पड़े

जयपुर। सांगानेर स्थित हाउसिंग बोर्ड ऑफिस में रविवार दोपहर भीषण आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से लगी आग से ऑफिस के बेसमेंट में रखा सामान जलकर खाक हो गया।

सीतापुरा फायर स्टेशन से पहुंची 5 दमकलों की मदद से करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग पर काबू पाने के लिए एयर वेंटिलेशन के शीशे तोड़ने पड़े। सीतापुरा फायर स्टेशनकर्मी रामस्वरूप ने बताया कि सांगानेर हाउसिंग बोर्ड सर्किल के ऑफिस में आग लगी थी। दोपहर करीब 2:30 बजे शॉर्ट सर्किट के चलते ऑफिस के बेसमेंट में आग लग गई। ऑफिस बंद होने के कारण पहले धुंआ निकलते दिखाई दिया। कुछ देर बाद बेसमेंट से आग की भीषण लपटे उठने लगी। आग की भीषण लपटों को उठता देखकर स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। आग लगने की सूचना पर सीतापुरा फायर स्टेशन से टीम मौके पर पहुंची। फायरकर्मियों ने आग पर काबू पाने के लिए बेसमेंट में लगे एयर वेंटिलेशन के सभी शीशे तोड़े। फायर बिग्रेड की 5 गाड़ियों ने 2-3 फेरे लगाकर करीब 2 घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पाया। फायर स्टेशन से पहुंची टीम का कहना है कि आग से किसी प्रकार

की जनहानि नहीं हुई है। बेसमेंट में ऑफिस का कुछ सामान व कबाड़ रखा हुआ था। आग से पूरी तरह जलकर वह कबाड़ में बदल गया।

शातिर वाहन चोर पुलिस के हत्थे चढ़े

जयपुर । विद्याधर नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि विद्याधर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर सुनील वी.के. (24) निवासी विद्याधर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी शातिर वाहन चोर है और मौज-मस्ती व अन्य शौक पूरे करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। उसके खिलाफ पूर्व में भी वाहन चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अन्य वारदातों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

ऑस्ट्रेलिया रवाना हुई भगवान परशुराम की मूर्ति

विधिवत पूजा-अर्चना के साथ परशुराम जयंती महोत्सव का आगाज हुआ

जयपुर। ब्रह्मपुरी स्थित नहर के गणेश जी मंदिर से रविवार को भगवान परशुराम की मूर्ति ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना की गई। सर्व ब्राह्मण महासभा (ऑस्ट्रेलिया चैप्टर) की पहल पर यह मूर्ति वहां स्थापित की जाएगी। इस दौरान संत-महंतों की मौजूदगी में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मूर्ति को विदाई दी गई।

महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम के साथ ही परशुराम जयंती महोत्सव 2026 की औपचारिक शुरुआत भी की गई। आयोजन में 11 विद्वान ब्राह्मणों ने विधिवत पूजा संपन्न करवाई। संकष्टी चतुर्थी के अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष महाआरती का आयोजन भी किया गया। उन्होंने बताया कि करीब सवा दो फीट ऊंची इस मूर्ति को तैयार करने में लगभग एक माह का समय लगा। यह मूर्ति ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत के क्रेगिबर्न स्थित काली माता मंदिर में स्थापित की जाएगी। महासभा द्वारा इस वर्ष विदेशों में करीब 10 स्थानों पर परशुराम जयंती महोत्सव आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। संगठन

ब्रह्मपुरी स्थित नहर के गणेशजी मंदिर से रविवार को भगवान परशुराम की मूर्ति ऑस्ट्रेलिया रवाना की गई।

का उद्देश्य भारतीय संस्कृति को वैश्विक स्तर पर स्थापित करना है और इसी दिशा में हर वर्ष विदेशों में भगवान परशुराम की मूर्तियां स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि महोत्सव के तहत पूरे राजस्थान में एक माह तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें परशुराम गोष्ठी, संवाद,भगवा रैली और विद्वान सम्मान समारोह शामिल हैं। इस अवसर पर स्वामी बालमुकुंद आचार्य महाराज, घाट बालाजी के सुदर्शनाचार्य महाराज, मंदिर के महंत पंडित जय कुमार, गीता गायत्री मंदिर के पंडित राजकुमार चतुर्वेदी, काली माता मंदिर के महंत प्रेम नारायण तथा स्वाध्याय केंद्र के पंडित योगेश सहित कई संत-महात्मा मौजूद रहे।

निवाई/गुंसी, (निसं)। राहोली गुंसी रोड पर बीसलपुर पेयजल की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से रविवार को मंझुकड़ा, कनेसर एवं सूरज का खेड़ा में पानी की आपूर्ति बाधित रही। जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इन सभी गांवों में सजिया के पास बनी टंकी से पेयजल सप्लाई होती है। रविवार को पेयजल सप्लाई की गई तो राहोली सड़क पर सजिया के पास टूटी पाइप लाइन से पानी का फव्वारा फूट पड़ा। विभाग के कर्मचारियों को ज्यों ही लाइन के क्षतिग्रस्त होकर पानी के व्यर्थ बहने की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत पानी की सप्लाई बंद कर दी। पेयजल समस्या के चलते ग्रामीणों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त लाइन की अतिशीघ्र मरम्मत कर पानी की सप्लाई सुचारू करवाने की मांग की है।

कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम आज

टोंक, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला संगोष्ठी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना का भाजपा कार्यालय टोंक में आज आने की मिली जानकारी के बाद जिला भाजपा अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने बताया कि आज सोमवार को भाजपा के 47वां स्थापना दिवस जिले में उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर ध्वजारोहण, संगोष्ठी, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और प्रबुद्धजनों का सम्मान जैसे कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, एवं मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना, जिले के भाजपा पदाधिकारी जनप्रतिनिधि, मण्डल अध्यक्ष, मण्डल प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं वरिष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।।

शिविर में 150 रोगियों की जांच

सिरस, (निसं)। ग्राम पंचायत सिरस में जेएनयू सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मेगा मल्टी स्पेशलिटी चिकित्सा परामर्श व जांच शिविर का आयोजन हुआ। प्रशासक शिवजीराम जाट ने बताया कि शिविर में डॉ. प्रशांत सिंह यादव, डॉ. नवीन सोनी, डॉ. हर्षिता कंवर, डॉक्टर दिशा गुप्ता, डॉक्टर सचिन शर्मा,डॉक्टर आदित्य सिंह, डॉक्टर आयुष विजय,जय भगवान गर्ग व डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने करीब 150 रोगियों की जांच करके चिकित्सकीय परामर्श दिया। उन्होंने बताया कि शिविर में रोगियों की जांच के बाद 30 से भी अधिक रोगियों को उपचार के लिए भर्ती किया गया। भर्ती मरीजों का जयपुर अस्पताल में ऑपरेशन किया जाएगा।

मेला व कुश्ती दंगल कल

कोटपूतली, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम राहेड़ा, कल्याणपुरा खुर्द स्थित जाटडे वाले मंदिर में रविवार को मंदिर मेला कमेटी के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मंदिर महंत ने बताया कि सोमवार 6 अप्रैल को रात्रि 8 बजे से मंदिर परिसर में भव्य जागरण का आयोजन होगा। वहीं मंगलवार 7 अप्रैल को विशाल मेला व कुश्ती दंगल का आयोजन होगा। जिसमें कामड़े की अन्तिम कुश्ती 51 हजार रूपयों की होगी।

पुलिस थाने का निरीक्षण किया

दूदू, (निसं)। जयपुर जिला ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने दूदू पुलिस थाने का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा लंबित पड़े प्रकरणों को शीघ्र निपटान के निर्देश दिए मीणा ने थाना परिसर में माल खाना बैरक हथियार कक्ष का जायजा लिया साथ ही पुलिस कर्मचारियों के लिए बनी मैस की व्यवस्था की जानकारी ली अधिकारियों से कहा कि आमजन की सुनवाई कर शीघ्र समस्याओं का समाधान करें इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल बैरवा पुलिस उपाधीक्षक दीपक खंडेलवाल एवं प्रशिक्षु आर पी एस थाना प्रभारी नेहा विश्नोई भी मौजूद रहे।

'प्रशिक्षण ही संगठन की वैचारिक नींव व कार्यकर्ताओं की कार्यकुशलता का आधार'

- भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन,
- भाजपानगर मंडल चौमूं के शिविर में 130 कार्यकर्ताओं ने लिया भाग

चौमूं / कालाडेरा। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल चौमूं के तत्वावधान में आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान- 2026 का रविवार को समापन हुआ। शिविर के समापन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा राजस्थान के मुख्य प्रवक्ता व पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने शिरकत कर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

वैचारिक अधिष्ठान सत्र को संबोधित करते हुए रामलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचार परिवार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पार्टी की रीति-नीति, गौरवशाली इतिहास और अंत्योदय की संकल्पना ही हमारी वास्तविक शक्ति है। शर्मा ने कहा, "लोकमान्य तिलक के स्वराज के सपने को आज हम सुराज के माध्यम से साकार कर रहे हैं। ये प्रशिक्षण शिविर कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से परिपक्व बनाते हैं, जिससे वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुँचाने में एक सशक्त सेतु का कार्य कर सकें।"

भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने संबोधित किया।

प्रशिक्षण के दूसरे दिन विभिन्न वक्ताओं ने महत्वपूर्ण सांगठनिक विषयों पर प्रकाश डाला। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के साथ ही गुड्डू सैनी, रघुवीर चौधरी, सावरमल चौधरी, बादाम देवी वर्मा, अर्चना कुमावत, बजरंगलाल सोनी और पंकज मीणा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। सत्रों के दौरान सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नमो ऐप और सरल ऐप की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही, कार्यपद्धति, कार्य विस्तार की दृष्टि और बूथ प्रबंधन जैसे तकनीकी व रणनीतिक विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में 130 कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण लिया।

शिविर में मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, नानूराम सैनी, कालूराम जाट, मोहनलाल सैनी, गोपीराम भोमाका, बाबूलाल कुमावत, रामावतार कुलदीप, गजेंद्र यादव, संदीप शर्मा, राहुल बागड़ा, राहुल चौबे, अनीता कुमावत, सुमन सैनी, अरविंद यादव, मातादीन अठावाल, सुनील उप्पल, मुकेश सैनी, रामरतन मुनीम, महेश सेरावत, संदीप भात्रा, सीएम खटिक, बाबूलाल राइ, सुनील गुलिया, विनोद गोदारा, रामस्वरूप नासना, आलोक जांगिड़, बलदेव टांक, धर्मेन्द्र बंजारा सहित शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पावटा के तीन मंदिरों में छत्र चोरी

- मौके पर पुलिस नहीं पहुंचने पर लोगों में असंतोष
- धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग

पावटा। क्षेत्र में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कस्बे व आसपास के तीन मंदिरों में अज्ञात चोरों द्वारा छत्र चोरी की वारदात सामने आई है, जिससे श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है।

हैरानी की बात यह है कि तीन में से केवल एक मंदिर प्रबंधन द्वारा ही पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई है, जबकि घटना के बाद भी पुलिस अब तक मौके पर मुआयना करने नहीं पहुंची। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अज्ञात बदमाशों ने मंदिरों को निशाना बनाते हुए वहां स्थापित धातु के छत्र चोरी कर लिए।

सुबह जब पुजारी एवं ग्रामीण मंदिर पहुंचे तो चोरी का पता चला, जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गोपाल भैया मंदिर के महंत मोहन दास रामायणी महाराज, गणेश मंदिर महंत रामचंद्र, केशव सागर धर्मशाला स्थित ठाकुर जी मंदिर पवन गोयल ने इस घटना को लेकर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि यह कृत्य संभवतः नशेड़ियों का हो सकता है, जो नशे की पूर्ति के लिए इस तरह की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाए और दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए।ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही ऐसी घटनाएं पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती हैं। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो चोरों के हौसले और बुलंद हो सकते हैं।

फिलहाल, एक ही शिकायत दर्ज होने के बावजूद पुलिस की ओर से मौके पर पहुंचकर जांच नहीं करना लोगों में असंतोष का कारण बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

खैरथल-तिजारा जिले में 6707 गर्भवती महिलाओं ने उठाया निःशुल्क सोनोग्राफी का लाभ

- गरीब गर्भवती महिलाओं व शिशु के लिए रक्षा कवच बनी है मुख्यमंत्री "मां वाउचर" योजना

खैरथल। आर्थिक रूप से कमजोर और दूर दराज के गांवों में रहने वाली ग्रामीण गर्भवती महिलाओं एवं गर्भ में पल रहे शिशु की देखभाल अच्छे से हों और राज्य में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से डेढ़ साल पहले प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा शुरू की गई गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क सोनोग्राफी सुविधा "मां वाउचर योजना" गर्भवती महिलाओं व शिशु दोनों के लिए रक्षा कवच का काम कर रही है।

सोनोग्राफी जैसी महंगी सेवाओं का खर्च वहन करने में असमर्थ गर्भवती महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने डेढ़ साल पहले 17 सितंबर 2024 को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मां) वाउचर योजना की शुरुआत कर फ्री सोनोग्राफी की सुविधा महिलाओं के लिए शुरू की। (मां) वाउचर योजना के तहत सरकारी अस्पतालों के साथ सोनोग्राफी सेंटर चिन्हित किए गए। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पूरण मल मीणा के अनुसार 'मां वाउचर योजना' के तहत खैरथल तिजारा जिले में सरकारी अस्पतालों के साथ प्राईवेट 15 सोनोग्राफी सेंटर को गर्भवती महिलाओं की निशुल्क सोनोग्राफी करने के लिए चिन्हित किया हुआ है। इस निशुल्क योजना के अंतर्गत 31 मार्च 2026 तक जिले में 6707 गर्भवती महिलाएं लाभ ले चुकी है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार योजना के तहत गर्भवती महिलाएं अपने नजदीकी सरकारी चिकित्सा संस्थान पर जाकर सोनोग्राफी करा सकती है जिन सरकारी चिकित्सा संस्थानों पर सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध नहीं है तो वहाँ से गर्भवती महिला अपने जन आधार कार्ड और मोबाइल फोन के माध्यम से वाउचर प्राप्त कर सकती है। यह वाउचर सरकारी और सूचीबद्ध निजी पंजीकृत सोनोग्राफी केंद्रों पर निःशुल्क सेवा के लिए मान्य होगा। उन्होंने ने बताया गर्भावस्था के 84 दिन या उससे अधिक की अवधि वाली महिलाएं इस योजना के तहत निःशुल्क सोनोग्राफी करवा सकती है। योजना का लाभ लेने के लिए गर्भवती महिला को अपना जन आधार कार्ड और मोबाइल फोन लेकर नजदीकी सरकारी चिकित्सा संस्थान पर जाना होगा। चिकित्सा संस्थान में पीसीपीएनडीटी सॉफ्टवेयर से ओटीपी के माध्यम से महिला के मोबाइल पर एक द्वारा वाउचर जारी किया जाएगा।

सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं : एडीएम सहारण

- मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के शक्ति विहार कॉलोनी स्थित शिव सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्या मंदिर में शनिवार को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10 एवं 12 (कला, वाणिज्य एवं विज्ञान) परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 65 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

विद्यार्थियों का प्रतीक चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया।

विद्यालय परिवार की ओर से इन विद्यार्थियों व उनके माता-पिता का साफा व माला पहनाकर तथा प्रतीक चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया गया।

समारोह में अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे और विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। सफलता का मार्ग केवल कठोर परिश्रम, योजनाबद्ध अध्ययन, निष्ठा, लगन व ईमानदारी से होकर गुजरता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाईल फोन के दुरुपयोग से बचते हुये उसे केवल उचित समय पर ही उपयोग करने की सलाह दी। एडीएम सहारण ने नशे से दूर रहने, अनुशासन में रहने व अपनी रुचि एवं कौशल के आधार पर कैरियर चुनने पर विशेष बल दिया। उन्होंने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर रही है और उन्हें अपने माता-पिता व गुरुजनों का सम्मान करते हुये लगातार आगे बढ़ना चाहिये। अध्यक्षता करते हुये विद्यालय के निदेशक बद्रीप्रसाद शर्मा ने विद्यार्थियों को संस्कार, अनुशासन व नियमितता के साथ शिक्षा ग्रहण करने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में थानाधिकारी राजेश शर्मा, एसीबीईओ पूरणचंद कसाना, पूर्व पार्षद भीखाराम सैनी, पत्रकार विक्रांत शर्मा व बालकृष्ण शुक्ला मौजूद रहे। अतिथियों ने मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर 12 वीं आर्ट्स (हिंदी माध्यम) में गरिमा पुत्री राजीव स्वामी ने 98 प्रतिशत, अंग्रेजी माध्यम में सौम्या पुत्री बालकृष्ण शुक्ला ने 97 प्रतिशत अंक हांसिल कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। 12 वीं साइंस में मोहित ने 97.20 प्रतिशत, दीक्षित कुमार जांगिड़ ने 94.20 प्रतिशत, गौरंग शर्मा ने 93.80 प्रतिशत, दुष्यंत कुमार ने 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। वहीं 12 वीं कॉमर्स में पलक अठावाल ने 93.60 प्रतिशत, मोनिका जांगिड़ ने 92.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सराहनीय उपलब्धि दर्ज की।

पावटा में एसआई/प्लाटून कमांडर परीक्षा शुरू

पावटा, (निसं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित उपनिरीक्षक/प्लाटून कमांडर प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन उपखंड पावटा में रविवार 5 अप्रैल से शुरू हो गया।

यह परीक्षा 5 व 6 अप्रैल को दो दिनों तक दो-दो पारियों में आयोजित की जा रही है। पहली पारी में सामान्य हिंदी का पेपर सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक, जबकि दूसरी पारी में सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान का पेपर दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जा रहा है।

प्रत्येक पारी में 1728 अभ्यर्थी परीक्षा दे रहे हैं और सभी अभ्यर्थी दोनों पारियों में शामिल होंगे। उपखंड पावटा में कुल 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 3 सरकारी एवं 2 निजी संस्थान शामिल हैं। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। वृताधिकारी वृत विराटनगर उमेश निठारवाल के सुपरविजन व प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा विशेष निगरानी रखी गई। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन जांच की जा रही है।

मेटल डिटेक्टर सहित अन्य आधुनिक साधनों से जांच के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। वहीं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विशेष कार्य समूह () व वृताधिकारी वृत्त विराटनगर उमेश निठारवाल द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। नकल पर रोक लगाने के लिए इस बार तकनीकी स्तर पर भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। ब्लूटूथ एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के दुरुपयोग को रोकने के लिए परीक्षा केंद्रों के आसपास के मोबाइल टावरों का डंप डेटा भी लिया जाएगा।

दीक्षा केवल वेश परिवर्तन नहीं बल्कि जीवन का परिवर्तन है : आचार्य

- आचार्य इंद्रनंदी महाराज व मुनि उत्कृष्टनंदी महाराज का दीक्षा दिवस मनाया

निवाई। श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन अठावाल मंदिर में सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य इंद्रनंदी महाराज का 31 वां दीक्षा दिवस एवं मुनि उत्कृष्टनंदी महाराज का तृतीय दीक्षा दिवस धूमधाम से मनाया गया।

मीडिया प्रभारी सुनील भाणजा व विमल जौला ने बताया की प्रातःकाल भगवान शांतिनाथ का अभिषेक व शांतिधारा की गई। पंडित सुरेश के शास्त्री के निर्देशन में भक्तांबर मंडल विधान पर सोधर्म इंद्र महेंद्र जैन, यज्ञनायक संजय लुहारा, कुबेरइंद्र नरेंद्र भाणजा बुकसेलर द्वारा मंडल विधान पर 48 अघ्र्य समर्पित किए गए।

दीक्षा दिवस पर आचार्यश्री की पूजा करते हुए श्रद्धालु।

उसके पश्चात दीक्षा दिवस कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य पदमनन्दी महाराज के चित्र समक्ष चित्र अनावरण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का मंगलाचरण आचार्य शांतिसागर पाठशाला एवं शांतिनाथ पाठशाला के नन्हे मुन्ने बालकों द्वारा किया गया। आचार्य इंद्रनंदी महाराज का पादप्रक्षालन ओमप्रकाश, ताराचंद बडला केकडी व जिनवाणी भेट महावीर प्रसाद, शिखरचंद माधोराजपुरा ने की। मुनि उत्कृष्टनंदी महाराज का पादप्रक्षालन नेमीचंद, संजय कुमार सिरस व जिनवाणी भेट गोपाललाल, शंभू कठमाणा ने की।

मुनि नाभिनन्दी महाराज का पादप्रक्षालन सुशील कुमार, राहुल कुमार आरामशीन एवं जिनवाणी भेंट राजेश कुमार, गिन्दौडी द्वारा की गई उसके पश्चात आचार्य श्री की पूजन सकल महिला मंडलों द्वारा किया गया। आचार्यश्री एवं मुनि उत्कृष्टनंदी महाराज को पीच्छीका भेंट सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा की गई। कार्यक्रम में टोंक, मालपुरा, केकडी, डिग्गी, पचेवर व फागी सहित अनेक जगह से आए हुए सभी अतिथियों का मंदिर कमेटी द्वारा स्वागत सत्कार किया गया।

इसके पश्चात आचार्यश्री ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षा दिवस सांसारिक मोह माया का त्याग कर आत्म कल्याण और संयम के मार्ग पर चलने का पावन संकल्प है। यह गुरु की कृपा से आत्मा को परमात्मा से जोडने वाला एक महान अवसर है। दीक्षा केवल वेश परिवर्तन नहीं बल्कि जीवन का परिवर्तन है, जो वैराग्य त्याग और निर्मल साधना के द्वारा कर्मों की निर्जरा का मार्ग प्रशस्त करता है।

दीक्षा का पात्र वही है, जिसे मोह अहंकार और वासना से ऊपर उठकर संसार के सुखों का त्याग कर दिया हो। हम सभी को संयम जीवन जीने वाले गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए अपने जीवन में भी आध्यात्मिक उन्नति के लिए प्रेरित होना चाहिए।

परीक्षा के प्रथम दिन रही 67.70 उपस्थिति

टोंक। मुख्यालय के 24 सेंटर पर एसआई भर्ती परीक्षा के दौरान सेंटर पर कड़ी सुरक्षा के बीच कैंडिडेट्स को एंट्री दी गई, इस दौरान सेंटर के बाहर ही मंगलसूत्र और अन्य जेवरात उतरवाए गए। वहीं एक कैंडिडेट 13 मिनट देरी से पहुंची, जिसे एग्जाम में एंट्री देने से मना कर दिया, उसका कहना था कि बाइक खराब होने की वजह से वह देरी से पहुंची।

सिक्योरिटी को देखते हुए कैंडिडेट्स के बटन वाले टीशर्ट तक उतरवा कर सेंटर में एंट्री दी गई। निवाई क्षेत्र के देवरी गांव से परिवजन के साथ आई सुनीता मीणा बाइक खराब होने से समय पर परीक्षा सेंटर राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोठी नातमाम टोंक में नहीं पहुंच पाई, इसके चलते उसे प्रवेश नहीं दिया है, आधे घंटे तक इंतजार करने के बाद वह वापस गांव लौट गई। इसके अलावा भी तीन से चार स्टूडेंट देरी से पहुंचे थे, जिन्हें एंट्री नहीं दी गई। देवरी की सुनीता मीणा ने बताया वह परिवार के साथ रविवार को सुबह परीक्षा देने के लिए रवाना हुई थी, रास्ते में बाइक खराब होने की वजह से परीक्षा नहीं दे पाई।एडीएम रामरतन सौंकरिया ने बताया कि पहली पारी में रजिस्टर्ड 9441 अभ्यर्थियों में से 6392 परीक्षार्थी ही एग्जाम देने पहुंचे, इस प्रकार 67.70 प्रतिशत उनुपस्थित रहे। जिला मुख्यालय के 24 परीक्षा केन्द्रों पर 5 व 6 अप्रैल को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे एवं दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक दो पारियों में उप निरीक्षक व प्लाटून कमाण्डर की परीक्षा होगी।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम,
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:11123 जाहिर आम-सूचना दिनांक:30.03.2026
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 52/657 (MIG-B) का आवंटन श्री महावीर प्रसाद सोनी पुत्र श्री मंगल चंद सोनी एवं श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नी श्री महावीर प्रसाद सोनी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 5740 दिनांक 31.03.2004 को जारी किया गया। जिसका भौतिक कब्जा दिनांक 12.05.2004 को प्राप्त किया गया। श्री महावीर प्रसाद सोनी की मृत्यु दिनांक 01.07.2025 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नी स्व. श्री महावीर प्रसाद सोनी द्वारा आवासन मण्डल में सम्पूर्ण आवास पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त सम्पूर्ण आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नी स्व. श्री महावीर प्रसाद सोनी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम राज. आवा. मण्डल, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम,
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:11141 जाहिर आम-सूचना दिनांक:30.03.2026
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/ फ्लैट संख्या 52/660 (MIG-B) का आवंटन श्री जय प्रकाश पुत्र श्री पुरण मल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 825 दिनांक 18-02-1994 को जारी किया गया था। जिसका नियमितिकरण पत्र क्रमांक 922 दिनांक 23-08-2003 के द्वारा श्री महावीर प्रसाद सोनी पुत्र श्री मंगल चन्द सोनी के पक्ष में किया गया। श्री महावीर प्रसाद सोनी की मृत्यु दिनांक 01.07.2025 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नी स्व. श्री महावीर प्रसाद सोनी द्वारा आवासन मण्डल में आवास पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नी स्व. श्री महावीर प्रसाद सोनी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम राज. आवा. मण्डल, जयपुर

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण (1) अब्दुल सईद खान पुत्र अब्दुल मजीद एवं (2) श्रीमती आरिफा बानो पत्नी श्री अब्दुल सईद खान, निवासीगण-25, सैयद कॉलोनी, चार दरवाजा बाहर, जयपुर, राजस्थान 302002 के दो पुत्र क्रमशः अब्दुल तालिब एवं अब्दुल साजिद मेरे अभिभाष्यगण के किसी भी प्रकार से कहने में नहीं है एवं उनसे लडाई झगडा व गाली गलौच करते है जिस कारण मेरे अभिभाष्यगण ने आज दिनांक 28.03.2026 को अपने दोनों पुत्रों को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है एवं मेरा इन दोनों से किसी प्रकार का रिश्ता नाता नहीं रहा है। आज के बाद यदि कोई व्यक्ति अब्दुल तालिब एवं अब्दुल साजिद से किसी भी प्रकार का संव्यवहार करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा जिसके प्रति अभिभाष्यगण की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। अतः सूचित रहे।
(मो.शादाब/अफजल हुसैन) एडवोकेट
मो.- 9351619598, 8005872436

नाम परिवर्तन

I PRIYA Spouse of No. JC-463102Y RANK nb sub NAME tanpure pravin rambhau PRESENT UNIT 8 maratha li RESIDING AT Vill - Shiur, Post-Jamkhed, Teh-Jamkhed, Dist-Ahmed Nagar, State-Maharashtra, Pin-413201, have changed my Name from PRIYA to PRIYA PRAVIN TANPURE vide affidavit dated 23 Mar 2026. The Harishanker & Notary, Kota (Raj.)

I, SAQUAN mother of JC-462139N Rank SUB Name Sathya Kumar A Present unit 8 MARATHA LI residing at Post-Bharat Nagar, Teh. -Bangarpet, Dist-Kolar State-Karnataka, Pin-563115, have changed my name from SAQUAN to SUGUNA N and Date of Birth 26/08/1949 to 01/01/1948 vide affidavit dated 03 Apr. 2026. The Rahul Yadav & Notary, Jaipur (Raj.)

I, A NAVYA Spouse of JC-462139N Rank SUB Name Sathya Kumar A Present unit 8 MARATHA LI residing at Vill-Bharat Nagar, Post-Bharat Nagar, The. -Bangarpet, Dist-Kolar State-Karnataka, Pin-563115, have changed my name from A NAVYA to ATKURI NAVYA vide affidavit dated 03 Apr. 2026. The Rahul Yadav & Notary, Jaipur (Raj.)

I have changed my name from Virendra Kumar Agrawal to Virendra Agrawal for all purpose. R/o 113 chitragupt nagar-1 imli phatak Jaipur. (Raj.)

मैने अपना नाम शोएब खान से बदलकर मोहम्मद शोएब खान कर लिया है। मोहम्मद शोएब खान पुत्र मोहम्मद अनवर अली निवासी 74, आकाशवानी कॉलोनी, आकाशवानी हाइट्स के पास, कोटा, राजस्थान

पावरग्रिड रामगढ़ ट्रांसमिशन लिमिटेड
(पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की 100 प्रतिशत सहायक कंपनी)
पंजीकृत कार्यालयः बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली 110 016

सूचना

1. उपर्युक्त नामित याचिकाकर्ता ने केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष **"फेज-3 भाग ई1 के तहत राजस्थान में आरईजेड (20जीडब्ल्यू) से विद्युत की निकासी हेतु ट्रांसमिशन सिस्टम"** के लिए डीओसीओ से 31.03.2024 तक की अवधि के लिए टैरिफ के निर्धारण हेतु एक याचिका दायर की है।
2. ट्रांसमिशन सिस्टम के लाभार्थी हैं: (क) अजमेर विद्युत वितरण निगम लि. (ख) जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. (ग) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लि. (घ) पंजाब स्टेट इलेक्ट्रिसिटी कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ङ) हरियाणा पावर परचेज़ सेंटर (च) जम्मू एंड कश्मीर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (छ) उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लि. (ज) बीएसईएस यमुना पावर लि. (झ) बीएसईएस राजधानी पावर लि. (ञ) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लि. (त) चंडीगढ़ बिजली विभाग (थ) उत्तरांचल पावर कॉर्पोरेशन लि. (द) उत्तर मध्य रेलवे (ध) नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (न) हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड (ट) सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (ठ) फतेहगढ़-3 और 4 ट्रांसमिशन लिमिटेड (ड) ब्यावर ट्रांसमिशन लिमिटेड और फतेहगढ़-3 ब्यावर ट्रांसमिशन लि.
3. ट्रांसफ़ॉर्मर की क्षमता, ट्रांसमिशन सिस्टम के बेज़ की संख्याः नीचे विस्तार से दी गई है
4. परियोजना की अनुमोदित पूंजीगत लागत (लाख रुपये में) – **688.74 करोड़ रुपये**
5. वाणिज्यिक परिचालन की तिथि को पूंजीगत लागत (लाख रुपये में):

परिसंपत्ति	परिसंपत्ति का नाम	परियोजना की अनुमोदित पूंजीगत लागत	
		एफआर	वास्तविक
परिसंपत्ति-1	फतेहगढ़-3 सबस्टेशन पर 1x1500एमवीए, 765/400केवी, आईसीटी-1 के साथ सहायक बेज़	13930.94	13871.03
परिसंपत्ति-2	फतेहगढ़-3 सबस्टेशन पर 330एमवीएआर, 765केवी बस रिएक्टर-2 के साथ सहायक बेज़	5309.84	5247.26
परिसंपत्ति-3	फतेहगढ़-3 सबस्टेशन पर 1x1500एमवीए, 400/220केवी, आईसीटी-8 के साथ सहायक बेज़	4426.60	4389.87
परिसंपत्ति-4	फतेहगढ़-3 सबस्टेशन पर 330एमवीएआर, 765केवी बस रिएक्टर-1 के साथ सहायक बेज़	7046.46	6971.26

प्राधिकरण जिसने पूंजीगत लागत को मंजूरी दी हैः निदेशक मंडल

6. वाणिज्यिक परिचालन की निर्धारित तिथिः 01.02.2025 या चरण-3, भाग-ए1 के तहत राजस्थान में आरईजेड (20जीडब्ल्यू) से विद्युत की निकासी के लिए ट्रांसमिशन प्रणाली की समतुल्य समय-सीमा, इनमें से जो भी बाद में हो।
7. वाणिज्यिक परिचालन की वास्तविक तिथिः परिसंपत्ति-1: 18.12.2025 (प्रस्तावित), परिसंपत्ति-2: 31.12.2025 (वास्तविक), परिसंपत्ति-3: 31.12.2025 (वास्तविक), परिसंपत्ति-4: 01.01.2026 (वास्तविक)।
8. टैरिफ का विवरण (केवल लागू भाग प्रकाशित करें): (रु. लाख में)

परिसंपत्ति	2024-25	2025-26	2026-27	2027-28	2028-29
परिसंपत्ति-1	0.00	547.01	2153.00	2364.27	2408.85
परिसंपत्ति-2	0.00	177.71	782.17	842.20	851.56
परिसंपत्ति-3	0.00	169.49	738.25	789.35	801.56
परिसंपत्ति-4	0.00	212.45	968.08	1062.14	1075.99

9. टैरिफ निर्धारण के लिए दायर याचिका की एक प्रति वेबसाइट https://apps.powergrid.in/cerc/docs/TBCB-PRTL/2026/03/REZ%20in%20Rajasthan%20(20GW)%20under%20Phase-III%20Part%20E1%20(Petition-2)/FINAL_Petition_PRTL_RTM_P_2.pdf पर उपलब्ध है।
10. याचिका में शामिल टैरिफ के निर्धारण के प्रस्तावों पर यदि कोई सुझाव या आपत्ति हो तो उन्हें कोई भी व्यक्ति लाभार्थी सहित इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर आयोग के ई-फाइलिंग पोर्टल के माध्यम से दायर कर सकता है और साथ ही याचिकाकर्ता को भी इसकी एक प्रति भेजनी होगी।

स्थानः फतेहगढ़
दिनांकः 30.03.2026
हस्ता./-
श्री राजेश कुमार शर्मा
परियोजना प्रभारी
PG/NOTICE/2026/D360

संक्षिप्त

वार्षिक मेला व जागरण आज से

कोटपूतली, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम सांगटेडा के प्राचीन पीला जोहड स्थित हनुमान मंदिर में श्री पीले वाले बालाजी के वार्षिक मेले व जागरण का दो दिवसीय आयोजन 6.अप्रैल सोमवार से प्रारम्भ होगा। आयोजक विजयवर्गीय सेठ परिवार (सांगटेडा वाले) ने जानकारी देते हुये बताया कि सोमवार 6 अप्रैल को रात्रि 8 बजे भव्य जागरण का आयोजन होगा। जिसमें श्री बजरंग रामायण मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जायेगी। वहीं कार्यक्रम में कुमार शरद, राहुल खत्री, मोनु रोशन, रविंद्र शर्मा (मामा), पं. दीपक शर्मा व अजय शर्मा द्वारा भी प्रस्तुतियां दी जायेगी। मुख्य मेले का आयोजन मंगलवार 7 अप्रैल को होगा। समस्त आयोजन का प्रबंधन श्याम मण्डल, सांगटेडा द्वारा किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि मान्यता के अनुसार पीला जोहड में स्नान करने से पीलिया रोग दूर होता है।

चिकित्सा व रक्तदान शिविर 11 को

निवाई, (निसं)। श्री श्याम धर्मार्थ सेवा संस्थान के तत्वावधान में 11 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे से श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक भवन में विशाल निःशुल्क चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा ने बताया कि शिविर में जयपुर एसएमएस अस्पताल के रोबोटिक जोड प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. मुकेश असवाल, जयपुर अपैक्स हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. बी.एम. गोयल, पेट एवं पाचन रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद रेहान, फेफडा रोग विशेषज्ञ डॉ. मेहुल अठावाल व राजकीय जयपुरिया हॉस्पिटल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज नोगिया परामर्श देंगे। शुभम केयर हॉस्पिटल की डॉ. शैलेश जैन, डॉ. सपना जैन, डॉ. सिमरन कक्कड व डाइटिशियन डॉ. निशा शर्मा द्वारा स्त्री रोग व पोषण परामर्श दिया जाएगा। ब्यूटी आई केयर टीम द्वारा नेत्र जांच व चश्मा वितरण किया जाएगा। प्रतिष्ठा ब्लड सेंटर टोंक द्वारा रक्तदान संठाहण किया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष दिलीप इसरानी, रवि अग्रवाल, वंश प्रदीप पारीक एवं अविनाश पारीक ने लोगों को शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शिविर का लाभ लेने का आ ान किया है।

अन्नू चौधरी के 12 में 95.40 प्रतिशत अंक

शाहपुरा, (निसं)। श्री समर्पण कैरियर इंस्टिट्यूट्स शाहपुरा जयपुर की छात्रा अन्नू चौधरी / राजकुमार लील ने जो कि हाथ-पैर से दिव्यांग होने के बाद भी बोर्ड परीक्षा 2026 कला वर्ग से 95.40प्रतिशत अंक प्राप्त किए। होनहार बालिका के पिता राजकुमार लील मिस्त्री है और माता गृहिणी है। अन्नू चौधरी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता - पिता एवं विद्यालय प्रबंधन को दिया। विद्यालय के मुकेश कुमार जाट ने बताया कि अन्नू चौधरी ने हिन्दी साहित्य, भूगोल व अनिवार्य अंग्रेजी में सौ-सौ अंक प्राप्त किये। अन्नू ने बताया कि उस प्रेरित करने में संस्था के कैलाश चन्द्र, रामनिवास, राजेंद्र प्रसाद एवं रामस्वरूप का योगदान रहा। अन्नू का लक्ष्य आगे चलकर शिक्षिका बनने का है।प्रजापति समाज का अंगूठी रस्म कार्यक्रम आयोजित

विवाह सम्मेलन के लिए 11 जोड़े तय

शाहपुरा, (निसं)। त्रिवेणीधाम में रविवार को श्रीयादे प्रजापति सामूहिक विवाह समिति के तत्वावधान एवं प्रहलादास महाराज के सान्निध्य में युवक युवती परिचय एवं अंगूठी रस्म कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में धर्मपाल ठेकेदार मावण्डा खुर्द एवं मनोहरपुर की पूर्व चेयरमैन सुनीता प्रजापत अतिथि रही। वक्ताओं ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन से समाज में समानता का भाव बनता है और कमजोर व्यक्ति को ऊपर उठने का संबल मिलता है। ऐसे आयोजनों को बढ़ावा मिलना चाहिए। समिति अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण खेजरोली ने बताया कि 25 अप्रेल को समिति द्वारा 13वां सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए 11 जोडे तय किए गए। एक दूसरे को पहनाई सगाई की अंगूठी कार्यक्रम के दौरान सामूहिक विवाह के लिए पंजीकृत 11 जोडों ने एक दूसरे को चांदी की अंगूठी पहनाकर सगाई की रस्म निभाई। इस दौरान वर वधु को शादी के कपडे भी प्रदान किए गए। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर, जमनलाल, गिरधारीलाल, लीलाराम, शंकरलाल, सूबेसिंह, गोपाल, रघुनाथ, बाबुलाल, मक्खनलाल, रामचंद्र, मूलचंद, भूधरमल ठेकेदार, गणपतलाल, धर्मेंद्र, सोहनलाल, नाथूराम, जगदीश प्रसाद, मुकेश कुमार, बसंतीलाल सहित कई लोगों ने अतिथियों एवं भामाशाहों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

श्यामाका में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का हुआ अनावरण

'अंबेडकर के तीन मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो व संघर्ष करो-आज भी मार्गदर्शक हैं'

- नेता-प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित अनेक नेताओं ने कार्यक्रम में शिरकत की
- महिलाएं समाज और परिवार की आधारशिला हैं, इसलिए उन्हें शिक्षा और संस्कारों के प्रसार में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए : बैरवा

खैरथल तिजारा के गांव श्यामाका में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण हुआ। इस दौरान उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित अनेक मौजूद रहे।

खैरथल। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती गांव श्यामाका में उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित नेताओं ने रविवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शिरकत कर बाबासाहेब की प्रतिमा का अनावरण कर सभा को सम्बोधित किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने अपने संबोधन में कहा यह दिन समाज के लिए गौरव और प्रेरणा का प्रतीक है। हमें केवल प्रतिमा स्थापित करने तक सीमित न रहकर बाबा साहब के विचारों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने ने कहा महिलाएं समाज और परिवार की आधारशिला हैं, इसलिए उन्हें शिक्षा और संस्कारों के प्रसार में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए।उन्होंने कहा बाबासाहेब के तीन मूल मंत्र-शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो-आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। समाज के प्रत्येक बच्चे को शिक्षित बनाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने ने सामाजिक एकता को मजबूत करने और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने का आव्हान किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने युवाओं से अपील की कि वे सोशल मीडिया में समय व्यर्थ न कर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें और समाज व देश के विकास में अपना योगदान दें।

उप मुख्यमंत्री बैरवा ने इस दौरान ग्राम के विकास को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं करते ग्राम श्यामाका में कार्यक्रम स्थल पर बनी धर्मशाला में शौचालय, बाथरूम, बाउंड्री वॉल एवं सीसी सड़क निर्माण के लिए लगभग 35 लाख रुपये के विकास कार्यों की घोषणा की। साथ ही सांसद कोटे से 15 लाख रुपये की पुस्तकालय निर्माण की घोषणा भी की। प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा डॉ बाबासाहेब की प्रतिमा का अनावरण हमारे लिए गौरव की बात है। यह कार्यक्रम केवल प्रतिमा अनावरण नहीं बल्कि बाबा साहब के विचारों को आत्मसात कर जन जन तक पहुंचाने का व्यापक अभियान है और निश्चित तौर पर यह गांव बाबा साहब के आदर्शों पर चलकर सामाजिक चेतना के केंद्र के रूप में स्थापित होगा।उन्होंने ने कहा बाबासाहेब न केवल संविधान देकर हमारे अधिकारों को सुरक्षित किया बल्कि शिक्षा का महत्व भी समाज को बताया, वह मानवता के सच्चे पुजारी थे, उनके प्रयासों से ही देश में विश्व के सर्वश्रेष्ठ संविधान का निर्माण हो सका। उन्होंने उनके विचारों को आज के दौर में भी प्रासंगिक बताते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष,शिक्षा और समानता का प्रतीक है। शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो उनका यह वक्तव्य वर्तमान में आत्मसात करने की आवश्यकता है।

माया सुवालका बनी अलवर जिले की सहप्रभारी

- माया सुवालका को सह प्रभारी बनाने पर कार्यकर्ताओं व समर्थकों में उत्साह

देवली, (निसं)। प्रदेश कांठोस कमेटी ने संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से राजस्थान के जिलों में नई नियुक्तियां निकालकर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके तहत राजस्थान कांठोस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने देवली शहर निवासी माया सुवालका को राजस्थान के अलवर जिले का सह प्रभारी नियुक्त किया है। माया सुवालका को अलवर जिले का सह प्रभारी बनाए जाने से पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थकों में भारी उत्साह बना हुआ है। इस अवसर पर माया सुवालका को बधाई देने का तांता लगा हुआ है। तो वही राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी ने माया सुवालका को एक और जिम्मेदारी देने पर विश्वास जताया है। इस पर कांठोस की महिला नेता माया सुवालका ने भरोसा दिलाया कि वह पार्टी संगठन को मजबूत बनाए रखने के लिए हमेशा समर्पित रहेगी एवं पार्टी संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने मे प्रयास करती रहेगी। और पार्टी संगठन मे समय-समय पर अपना योगदान देती रहेगी।

उल्लेखनीय है कि देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र की निवासी कांठोसी नेता माया सुवालका वर्तमान में प्रदेश कांठोस कमेटी के प्रदेश सचिव पद रहते हुए पार्टी संगठन में काम कर रही है। तो वही माया सुवालका राजस्थान राज्य वरिष्ठ नागरिक कल्याण बोर्ड राजस्थान सरकार की पूर्व सदस्य भी रह चुकी है। इसी के साथ राजस्थान हैहय वंशी कलाल महासभा राजस्थान की प्रदेश महिला अध्यक्ष पद पर भी नियुक्त है। वहीं अखिल भारतीय सर्वगीय जयसवाल कलाल महासभा संगठन में राष्ट्रीय महिला महासचिव पद पर भी बनी हुई है। माया सुवालका पूर्व में राजस्थान कांठोस कमेटी शिक्षा प्रकोष्ठ की महासचिव पद पर भी रह चुकी है।

नालियों की सफाई नहीं होने से आम रास्तों पर भरा गंदा पानी

- स्कूली बच्चों व राहगीरों को आवागमन में हो रही परेशानी

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के डाबला रोड स्थित वार्ड नं. 13 की चंद्रदास एवं काशीपुरम कॉलोनी में नालियों में कचरा जमा होने एवं जलदाय विभाग द्वारा पानी की लाईन डालते समय नालियों के टूटने से नालियां अव्यवस्थित हो जाने के कारण सड़क पर चारों तरफ गन्दा पानी जमा हो रहा हैं। जिससे स्कूल में आने जाने वाले बच्चों व स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा हैं।

कस्बे के डाबला रोड स्थित वार्ड नं. 13 की चंद्रदास व काशीपुरम कॉलोनी में नालियों में जमा कचरा।

समाजसेवी रणजीत सैनी ने बताया कि इस सम्बंध में कई बार नगर परिषद के अधिकारियों को भी अवगत करवाया जा चुका हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई हैं। वहीं उक्त क्षेत्र में नाले की सफाई हुये लगभग 03 वर्ष से भी ज्यादा समय हो गया हैं। जिससे नाला ओवरफ्लो हो रहा है एवं गन्दा पानी सड़क पर चारों तरफ फैल रहा हैं। आमजन को गन्दे पानी के कीचड से होकर गुजरना पड रहा हैं। जिससे कई बार स्कूल जाते समय छोटे-छोटे बच्चे गन्दे पानी में गिर कर चोटिल हो चुके हैं, कई जगहों पर नालियों का गन्दा पानी खाली प्लॉट में जा रहा है, जिससे मच्छर व मक्खियां पनपने से आसपास बिमारियां फैलने का डर बना हुआ हैं। स्थानीय निवासियों ने शीघ्र उक्त समस्या के समाधान की मांग की।

स्मृति समारोह आयोजित

विराटनगर, (निसं)। ग्राम कोठी नारायणपुर (जिरावली), तहसील राजगढ़, जिला अलवर में आयोजित ठा. रघुवीरसिंह जावली स्मृति समारोह रविवार को श्रद्धा एवं गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रत्ना कुमारी शाहपुरा का का उद्बोधन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने अपने ओजस्वी और विचारोत्तेजक भाषण में ठा. रघुवीरसिंह जावली के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि महान व्यक्ति केवल अपने जीवन से नहीं, बल्कि अपने विचारों और कर्मों से पीढ़ियों को दिशा देते हैं। रत्ना कुमारी जी ने ठाकुर साहब के जीवन को वीरता, त्याग, राष्ट्रभक्ति और समाज सेवा का अद्वितीय उदाहरण बताते हुए उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि अलवर राज्य में गृहमंत्री एवं विकास मंत्री के रूप में रहते हुए उन्होंने शिक्षा के प्रसार हेतु गाँव-गाँव विद्यालयों की स्थापना और छात्रावासों का निर्माण कर समाज को नई दिशा दी। अपने संबोधन में रानी साहिबा ने वर्तमान समय की चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला और युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का आव्हान किया।

लोहे की कीलों पर दंडवत यात्रा

पावटा, (निसं)। आस्था और भक्ति की मिसाल पेश करते हुए नितेश सोनी ने एक बार फिर कठिन साधना का मार्ग अपनाया है। अलवर से 19 मार्च को रवाना होकर वे लगभग 160 किलोमीटर लंबी दंडवत यात्रा करते हुए विराटनगर विधानसभा क्षेत्र पहुंच चुके हैं। उनका अंतिम गंतव्य खाटू श्याम जी मंदिर है।

इस यात्रा की सबसे खास बात यह है कि नितेश लोहे की नुकीली कीलों से बने लकडी के फट्टे पर लेटकर दंडवत करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। यह कठिन और अद्भुत यात्रा वे करीब डेढ़ महीने में पूरी करेंगे। बताया जा रहा है कि यह उनकी दूसरी ऐसी दंडवत यात्रा है, जो उनकी अटूट आस्था को दर्शाती है। यात्रा के दौरान उनके परिवारजन और मित्र भी पैदल साथ चल रहे हैं, जो उनका हौसला बढ़ा रहे हैं। नितेश का कहना है कि यह उनकी श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है, और उन्हें इस कठिन तपस्या में किसी प्रकार की पीड़ा महसूस नहीं होती। रास्ते में जहां-जहां से यह यात्रा गुजर रही है।

शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

फुलेरा, (निसं)। हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति के तत्वावधान में रविवार को श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य भगवा शोभायात्रा निकाली गई।

आयोजन समिति के संयोजक विजय कटारिया ने बताया कि शोभायात्रा श्रीराम नगर स्थित बालाजी की बगीची से मुख्य अतिथि जिला संघ चालक दिनेश शर्मा, औमशिवप्रताप सिंह महेशवास, प्रचारक बुद्धिप्रकाश के सानिध्य में विभिन्न आकर्षक झांकियों के साथ प्रारंभ हुई, जो कि बिचून रोड, पुराना फुलेरा, पुराना बस स्टैंड, बालाजी बाईपास, हलवाई बाजार होते हुए गणगौरी बाजार पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान समिति के संरक्षक धनराज शर्मा, दीपेश सैनी, अनिल बंसल, भागचंद ककरालिया, कोषाध्यक्ष पुनित धवन, मनीष शर्मा सहित अन्य लोगों ने व्यवस्था व शोभायात्रा को सुचारू बनाए रखने में सहयोग प्रदान किया। शोभायात्रा के दौरान पूरा फुलेरा भगवामय नजर आया। जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे शामिल हुए, जिससे पूरा मार्ग भगवान श्रीराम के जयघोषों से गूंज उठा। भगवा शोभायात्रा के दौरान नगरपालिका भवन के पास पूर्व विधायक निर्मल कुमावत एवं मंडल अध्यक्ष प्रणव कयाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, इसी प्रकार मार्ग में विभिन्न स्थानों पर सामाजिक व अन्य संगठनों की ओर से पुष्पवर्षा व जलपान की व्यवस्था की। शोभायात्रा का समापन गणगौरी बाजार में साधु-संतों के सम्मान के साथ किया गया।

'माता-पिता का आदर किए बिना कोई भी संतान तरक्की नहीं कर सकती'

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ को हनुमान जी की तस्वीर भेंट की

- राठौड़ ने पराग पोद्दार फैमिली की ओर से आयोजित सवामणि कार्यक्रम में शिरकत की

सांभरझील, (निसं)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ व महासचिव भूपेंद्र सैनी शनिवार शाम 7 बजे देवयानी तीर्थ स्थल स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में सांभर के पराग पोद्दार फैमिली की ओर से आयोजित सवामणि कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। धार्मिक कार्यक्रम के दौरान उनके साथ भाजपा के प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को भक्ति भाव के लिए प्रेरित करें क्योंकि भगवान में आस्था रखें बिना कुछ भी संभव नहीं है। जब हम मंदिर जाते हैं और प्रतिमा का दर्शन करते हैं तो सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। सकारात्मक ऊर्जा सकारात्मक सोच को प्रबल करती है, इससे हम सकारात्मक कार्य करने शुरू करने लग जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि युवा पीढ़ी को सनातन धर्म की रक्षा के लिए कदम उठाने की जरूरत है, साथ ही यह भी कहा कि माता-पिता का आदर किए बिना कोई भी संतान तरक्की नहीं कर सकती है। उन्होंने अपने सांभर के पुराने जुड़ाव की अनेक यादे ताजा की और पुराने चेहरों से मिलकर उन्होंने उनसे चर्चा कर उनकी हाल जाने। पोद्दार परिवार के पराग पोद्दार, निधि पोद्दार की तरफ से उनका भव्य स्वागत किया गया।

पराग पोद्दार फैमिली ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ व महासचिव भूपेंद्र सैनी का स्वागत किया।

उन्होंने संकट मोचन हनुमान जी की तस्वीर भेंट की। संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति, श्याम रंगीला ट्रस्ट परिवार, मंदिर के लिए भूमि दान करने वाले सैनी परिवार की तरफ से भी दोनों पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर निर्मल कुमावत, अनिल गट्टानी, जितेंद्र डांगरा, सत्यनारायण गोयल, नवल किशोर कयाल, संजय तोषनीवाल, सैकडो लोगों की मौजूदगी रही। इससे पहले प्रतीक्षा अध्यक्ष मदन राठौड, महामंत्री भूपेंद्र सैनी ने संकट मोचन हनुमान मंदिर में प्रतिमा के दर्शन किए तथा उनसे प्रदेश की खुशहाली के लिए अरदास लगाई।

इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने श्याम रंगीला ट्रस्ट परिवार के अध्यक्ष पराग पोद्दार के अनुरोध पर नवनिर्मित श्याम मंदिर में पहुंचे तथा बाबा के दर्शन कर मंदिर की भव्यता को देखकर अभिभूत हुए। पराग पोद्दार ने मदन राठौड को बताया कि ट्रस्ट की तरफ से उन्होंने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को नवनिर्मित श्याम मंदिर को पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर डालने हेतु एक अभ्यावेदन पेश किया हुआ है पर अपेक्षित कार्रवाई का अनुरोध किया तो प्रदेश अध्यक्ष राठौर ने उन्हें सकारात्मक कार्रवाई करवाने हेतु भरोसा दिलाया। श्याम रंगीला परिवार की तरफ से उन्हें बाबा श्याम की तस्वीर भेंट की गई।

सार-समाचार

भजन संध्या आयोजित

देवली, (निसं)। शहर के निकटवर्ती ऊंचा ग्राम में स्थित गुरुकुल शिक्षण संस्थान के द्वारा भजन संध्या आयोजित की गई। रसमय भजन संध्या में प्रभु लीला तक जमकर इत्र सुमन पुष्प वर्षा होती रही। गुरुकुल स्कूल के डायरेक्टर योगेश सोनी वाइस प्रिंसिपल शिल्पा सोनी ने जानकारी में बताया कि विद्यालय के नवनिर्मित भवन उपलक्ष में विधि विधान पूर्वक पाठ पूजा हवन एवं तुलसी विवाह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वेश्वर निकुंज नायक श्री ठाकुर जी के 20 वे पाटोत्सव पर भजन संध्या भी आयोजित की गई। भजन संध्या में भजन गायिका भावना माहेश्वरी,,,गायक गोविंद राव ने ठाकुर जी के भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां पेश की। जिसमें, मैं तो नंद बाबा के घर जाऊंगी,,फूलों में सज रहे हैं श्री वृंदावन बिहारी,,,मेरी विनती यही है राधा रानी,, बन्ना म्हारा चारभुजा रो नाथ बन्नी म्हारी तुलसां लाडली, अपनी पायल का घुंघरू बना लो मुझे, अधरं मथुरं नयनं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरं,इत्यादि भजनों के रस मे श्रद्धालु एवं श्रोता झूम उठे। इस अवसर पर पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी के दिव्य दर्शन का आनंद उठाया। ठाकुर जी का 20 वां पाटोत्सव भजन संध्या कार्यक्रम मे पूर्व पालिका अध्यक्ष कैलाश चंद सोनी, पूर्व पार्षद पुरुषोत्तम सोनी, अशोक माहेश्वरी, बेनी प्रसाद टाक, रॉबिन भक्त, दिलीप सोनी,महेश सोनी,लालजी सोनी,डॉक्टर सरिता मीना,डॉ मनाली गुप्ता, नेहा लाठी,संजना सेठी,वर्षा सोनी,सुशीला टांक,नीलम मनचंदा,स्मिता शर्मा,,मीनू मालू,इंद्रा सोनी,,शुभा मालू,सोनू चौधरी,मोनिका सुराना,रेखा मुंदडा,रिंकू मंगल, मधु बिलोची, सहित दर्जनों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल

निवाई, (निसं)। ग्राम पंचायत सिरोही के आयुष्मान केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त अव्यवस्थाओं और कर्मचारियों की कमी को लेकर ग्रामीणों चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जयपुर के निदेशक को पत्र भेजकर उक्त समस्याओं का शीघ्र निराकरण करवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि अस्पताल में वर्तमान में कोई डॉक्टर नियुक्त नहीं है और पूरी व्यवस्था केवल एक महिला कंपाउंडर के भरोसे चल रही है, जिसके कारण मरीजों को न तो परामर्श मिल रहा है और न ही दवाइयां। पत्र में आरोप लगाया कि एक नर्स की नियुक्ति कागजों में सिरोही में दर्शा रखी है, जबकि वह निवाई ऑफिस में कार्य करती है और केवल हस्ताक्षर करने के लिए सिरोही आती है। इसी प्रकार एक अन्य कंपाउंडर को मालपुरा डेपुटेशन पर लगा दिया गया है, जिससे स्थानीय चिकित्सा व्यवस्था चरमरा गई है। उन्होंने बताया कि चुराड़ा का अस्पताल पिछले तीन वर्षों से केवल कागजों में संचालित है और वहां की नर्स को भी सिरोही में लगा दिया गया है, जिससे चुराड़ा के ठाामीण इलाज के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। ठाामीणों ने ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी पर लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रशासन की अनदेखी के कारण क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था ठप्प हो रही है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि सिरोही अस्पताल में तुरंत डॉक्टर की नियुक्ति की जाए और अन्य कर्मचारियों का डेपुटेशन निरस्त कर उन्हें मूल पदों पर वापस भेजा जाए। साथ ही चुराड़ा की नर्स को पुनः वहीं तैनात करने की मांग की है ताकि ठाामीणों को समय पर उपचार मिल सके। पत्र भेजने वालों में केदार, रामराय, सिताराम, गजानंद, रामलाल, रामकरण, विष्णु, सतराज, रामलालजी, मदन किशोर, कैलाश, रामचंद्र, हनुमान व मदन सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

कुम्हार महापंचायत के पोस्टर का विमोचन

फुलेरा, (निसं)। कस्बे के जोबनेर रोड स्थित श्रीदक्ष विकास सेवा समिति फुलेरा के कार्यालय में किशनगढ़ में 16 मई को आयोजित होने वाली कुम्हार महापंचायत को लेकर पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर कुम्हार समाज के युवा समाजसेवी नारायण प्रजापति (नागौर) ने फुलेरा क्षेत्र के समाज बंधुओं से मुलाकात कर महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि समाज की एकता और जागरूकता का परिचय देते हुए इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाना सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष नंदकिशोर खटोड़ सहित कानाराम प्रजापति, चिरंजीलाल प्रजापति, जुगल किशोर प्रजापति, विनोद कुमार प्रजापत, प्रभुलाल प्रजापत, ओमप्रकाश प्रजापत, शंकरलाल प्रजापति, भिंवराज प्रजापति, किशनलाल प्रजापति, रामलाल प्रजापत सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

टोंक, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त में लिप्त आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए जिला स्पेशल टीम ने कोतवाली थाना क्षेत्र के कुम्हारों की चौकी इलाके में छापा मारकर स्मैक की खरीद-फरोख्त करते एक आरोपी के कब्जे से एक लाख रुपए की स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। कार्यवाही के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से करीब 6 ग्राम स्मैक बरामद हुई है, जिसकी बाजार कीमत लगभग एक लाख रुपए बताई जा रही है। डीएसटी प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि गैस गोदाम के पास धन्नातलाई निवासी आरोपी लंबे समय से स्मैक की खरीद-फरोख्त में लिप्त था, जिसकी मुखबिर की सूचना पर टीम ने कार्यवाही कर उसे मौके से पकड़ लिया, जिसके बाद आरोपी के खिलाफ कोतवाली थाने में एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

वैन में लगी आग, जलकर हुई राख

